प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



एनसीपी की राजनीति में आया नया मोड़ पेज- 2

हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने की खाई कसम पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 44 | सोमवार 02 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# पीएम मोदी ने बजट को बताया ऐतिहासिक

## कहा- छोटे व्यापारियों को बड़ा फायदा, भविष्य की मजबूत नींव

(एजेंसी) नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश का आम बजट 2026 पेश किया है। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का दूसरा पूर्ण बजट है। बजट को पेश करते हुए वित्त मंत्री ने तमाम सेक्टर्स के लिए कई बड़े ऐलान किए। इसी बीच, बजट को लेकर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिक्रिया सामने आई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इसमें देश की नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब झलकता है। महिला वित्त मंत्री के रूप में निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वीं बार देश का बजट प्रस्तुत करके नया रिकॉर्ड बनाया है। यह बजट 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को दिखाता है। यह सुधारों की यात्रा को मजबूत करता है और विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करता है। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखकर इस बजट को पेश किया गया है। इससे छोटे व्यापारियों को काफी फायदा होगा। ये विकसित भारत की गति को तेज करने वाला बजट है। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है और भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव को सशक्त करता है। ये बजट 2047 के विकसित भारत की हमारी ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। मित्रों, भारत जिस सुधार की रफ्तार पर आज चल रहा है, उसे इस बजट से नई ऊर्जा और गति मिलेगी। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत जिस रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है, इस बजट से उसे नई ऊर्जा और नई गति मिलेगी। इस बजट से यूथ की उड़ान के लिए आसमान खुल गया है। भारत तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहा है। बजट से भारत की ग्लोबल पोजीशन मजबूत होगी। ये बजट भारत की वैश्विक भूमिका को नए सिरे से सशक्त करता है। भारत के 140 करोड़ नागरिक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुष्ट नहीं हैं। हम जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। ये करोड़ों देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह बजट भरोसे पर आधारित गवर्नेंस और मानव–केंद्रित आर्थिक ढांचे के विजन को दिखाता है। यह एक खास बजट है जो राजकोषीय घाटे को कम करने और महंगाई को कंट्रोल करने को प्राथमिकता देता है, साथ ही ज्यादा पूंजीगत खर्च और मजबूत आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाता है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे



कहा कि विश्व के एक विश्वसनीय लोकतांत्रिक भागीदार और विश्वसनीय गुणवत्ता आपूर्तिकर्ता के रूप में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है। हाल ही में जो बड़े–बड़े व्यापार सौदे भारत ने किए हैं, जिसका मुख्य लाभ भारत के युवाओं को मिला, भारत के लघु और मध्यम उद्योग के लोगों को मिला, इस दिशा में बजट में बड़े–बड़े कदम दिए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बजट सिर्फ आज की जरूरतें पूरी नहीं करता, बल्कि 2047 के विकसित भारत की नींव को भी मजबूत करता है। उन्होंने इसे अवसरों का हाईवे बताते हुए कहा कि भारत अब केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनकर रुकना नहीं चाहता, देश की नजरें अब दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य पर टिकी हैं। इस बजट में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। इस बजट में नई उभरती इंडस्ट्रीज यानी सनराइज सेक्टर्स को जिस बढ़ोतरी के साथ समर्थन दिया गया है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में भारत ने कई बड़े ट्रेड डील फाइनल किए हैं, जिन्हें अक्सर श्सभी डील की जननीश कहा जाता है। यह पक्का करने के लिए कि ज्यादा से ज्यादा फायदा युवाओं और एमएसएमई तक पहुंचे, बजट में कई जरूरी कदम उठाए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए, बजट में कई बड़े कदम शामिल किए गए हैं। इनमें डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का विकास, नेशनल वॉटरवे का विस्तार, हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर का निर्माण, और टियर 2 और टियर 3 शहरों के विकास पर खास ध्यान देना शामिल है। इसके अलावा, म्युनिसिपल बॉन्ड को बढ़ावा देने का मकसद शहरी इलाकों के लिए एक मजबूत आर्थिक बुनियाद देना है। ये सभी कदम मिलकर विकसित भारत की दिशा में प्रगति को तेज करेंगे।शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से रविवार को पेश केन्द्रीय बजट में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में शिक्षा बजट को बढाया गया है जो सरकार की शिक्षा के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है। श्री प्रधान ने संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि इस बजट में नवजात शिशु से लेकर युवा तक का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि क्वालिटी, स्कूल शिक्षा, स्किलिंग, नर्चरिंग इनोवेशन, इंटरप्रेन्योरशिप और शोध इस बजट के बड़े संकेत है। भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे ले जाने के लिए बजट में कई कल्पना की गयी है।उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में शिक्षा में बजट बढाया गया है। पिछले बार की तुलना में इस बार बजट 8.27 प्रतिशत अधिक है जो सरकार की शिक्षा के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है। श्री प्रधान ने कहा कि भारत की लड़कियां विज्ञान, तकनीक और गणित की शिक्षा में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सर्वश्रेष्ठ है। सरकार ने इसमें और गति देने के लिए हर जिले में लड़कियों के लिए एक छात्रावास बनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों के साथ मिलकर पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप बनाये जायेंगे जिसमें शोध,नवाचार और ज्ञान का एक इकोसिस्टम बनेगा। अर्थ नीति को बढाने के लिए उसे ज्ञान से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत में नए राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान खोले जाने की घोषणा की गयी है। देश से बाहर पढने जाने वाले छात्रों को पहले पांच प्रतिशत टैक्स देना पड़ता था उसे दो प्रतिशत किया गया जिससे छात्रों को देश के बाहर शोध करने के लिए जाना आसान होगा। उन्होंने कहा कि बजट में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीआरटी) के बजट में चौदह प्रतिशत की बढोत्तरी की गयी है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के नालेज आधारित अर्थव्यवस्था को बढाने के लिए यह बजट 21वीं सदी के जरूरतों के हिसाब से बनाया गया है।

## भाजपा का बजट सिर्फ 5 प्रतिशत लोगों के लिए, इसमें न आम जनता का जिक्र है और न ही फिक्र : अखिलेश यादव

(एजेंसी) लखनऊ। केंद्रीय बजट पेश होने के बाद शेयर मार्केट में आई गिरावट को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि श्हमने पहले ही कहा था, सवाल यह नहीं है कि



बाजार कब खुलेगा, सवाल यह है कि और कितना गिरेगा। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार से जनता को कोई उम्मीद नहीं है, तो उसके बजट से भी क्या अपेक्षा की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का हर बजट 1/20 का बजट होता है, क्योंकि यह केवल 5 प्रतिशत लोगों के हित में तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह बजट अपने कमीशन और अपने लोगों को सेट करने का दस्तावेज है तथा इसे भाजपाई भ्रष्टाचार की अदृश्य खाता–बही बताया। सपा अध्यक्ष का कहना है कि इस बजट में न आम जनता का जिक्र है और न ही उनकी फिक्र। महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बेतहाशा बढ़ती कीमतों के बावजूद आम लोगों को टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई, जो सीधे तौर पर टैक्स–शोषण है। वहीं दूसरी ओर अमीरों के कारोबार और घूमने–फिरने पर कई तरह की छूटें दी गईं, जबकि बेकारी और बेरोजगारी से जूझ रहे युवाओं व आम नागरिकों की उम्मीदों की थाली खाली रह गई। उन्होंने बजट को श्निराशाजनक और निंदनीयश बताते हुए कहा कि यह आम आदमी की जरूरतों से पूरी तरह कटा हुआ है।



## मंत्रियों, मंत्रिमंडल सचिवालय और पीएमओ के खर्च के लिए 1,102 करोड़ रुपये का आवंटन

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय बजट 2026–27 में मंत्रिपरिषद, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तथा राज्य अतिथियों के आतिथ्य और मनोरंजन पर होने वाले खर्च के लिए 1,102 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह राशि वित्त वर्ष 2025–26 के संशोधित अनुमान 978.20 करोड़ रुपये से अधिक है। रविवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट में वित्त वर्ष 2026–27 लिए मंत्रिपरिषद के खर्चों कऐ 620 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। वित्त वर्ष 2025–26 में यह राशि 483.54 करोड़ रुपये थी। यह प्रावधान मंत्रिमंडल के मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के वेतन, और अन्य भत्तों तथा यात्रा पर होने वाले व्यय के लिए है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय को वित्त वर्ष 2026–27 के लिए 256.19 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 279.74 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। यह प्रावधान राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के प्रशासनिक खर्चों और अंतरिक्ष कार्यक्रम को पूरा करने के लिए है। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के लिए 65 करोड़ रुपये तक आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2025–26 के लिए 61.32 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। यह प्रावधान प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कार्यालय और राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान के प्रशासनिक खर्चों को पूरा करने के लिए है। मंत्रिमंडल सचिवालय को बजट में 80 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2025–26 में इसके लिए 78 करोड़ रुपये दिए गए थे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को आगामी वित्त वर्ष के लिए 73.52 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जबकि वित्त वर्ष 2025–26 में पीएमओ के प्रशासनिक खर्चों को पूरा करने के लिए 68 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। बजट में वित्त वर्ष 2026–27 के लिए आतिथ्य और मनोरंजन खर्चों के लिए 5.76 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं जबकि वित्त वर्ष 2025–26 में यह आवंटन 6.20 करोड़ रुपये था।

## बजट 2026-27 दिशाहीन है, इसमें दूरदर्शिता का अभाव : ममता बनर्जी



(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि 2026–27 का केंद्रीय बजट दिशाहीन, जनविरोधी है और इसमें दूरदर्शिता का अभाव है तथा बजट में उनके राज्य के लिए कुछ भी नहीं है। बनर्जी ने नयी दिल्ली रवाना होने से पहले कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में यह भी दावा किया कि बजट में आम आदमी के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया, यह बजट दिशाहीन है, इसमें दूरदर्शिता का अभाव है तथा यह नीरस एवं जनविरोधी है। यह बजट महिला–विरोधी, किसान–विरोधी, शिक्षा–विरोधी है तथा यह अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के भी खिलाफ है। बजट में पश्चिम बंगाल के लिए कुछ भी नहीं है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में बजट पेश किया।

## यह बजट आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में भारत की वैश्विक छवि को और मजबूत करेगा : अमित शाह

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि रविवार को पेश किया गया बजट भारत को वैश्विक मंच पर पारंपरिक से लेकर नये दौर के विभिन्न क्षेत्रों में सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य बनाने की रफ्तार को तेज करेगा। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, श्विनिर्माण से लेकर बुनियादी ढांचे तक, स्वास्थ्य से लेकर पर्यटन तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक, खेल से लेकर तीर्थ स्थलों तक, विकसित भारत बजट एक ऐसा बजट है जो हर गांव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं एवं किसानों के सपनों को सशक्त बनाता है, ताकि वे उन सपनों को साकार कर सकें। सरकार द्वारा राजकोषीय विवेक के साथ विकास और प्रगति को गति देने की प्रतिबद्धता पर जबर्दस्त तरीके से मुहर लगाये जानेश को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए शाह ने कहा कि बजट राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे रखने के लक्ष्य को पूरा करता है। उन्होंने कहा कि बजट 2047 तक एक विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति की परिकल्पना और अगले 25 वर्षों के लिए रोडमैप पेश करता है। उन्होंने कहा, वित्त वर्ष 2026–27 के इस बजट के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी जी ने यह साबित कर दिया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है। यह बजट न केवल हर क्षेत्र, हर वर्ग और हर नागरिक



को सशक्त बनाने के लिए एक स्पष्ट खाका प्रस्तुत करता है, बल्कि इसे प्रोत्साहित करने के लिए एक ठोस दृष्टिकोण भी प्रदान करता है, जो हर कदम पर इसका समर्थन करेगा। विकसित भारत बजट एक ऐसे भारत के निर्माण का दृष्टिकोण है, जो विश्व के हर क्षेत्र में अग्रणी हो। गृह मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में योजना शुरू करने का एक ऐतिहासिक निर्णय बजट प्रस्ताव में लिया गया है। उन्होंने कहा, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और बुनकरों, किसानों और हथकरघा उद्योग को नया समर्थन मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में नारियल प्रोत्साहन योजना के माध्यम से तीन करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने, काजू और नारियल के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने तथा चंदन के संरक्षण का निर्णय स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों की समृद्धि और कृषि को एक लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## केंद्रीय बजट 2026-27 विकसित भारत के निर्माण का एक प्रेरणादायी संकल्प-पत्र : मुख्यमंत्री योगी


(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह षविकसित भारतष के निर्माण का एक प्रेरणादायी संकल्प पत्र है। योगी ने श्एक्सश पर एक पोस्ट में कहा, पावन माघी पूर्णिमा एवं सद्गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में आज (रविवार को) केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 विकसित भारत के निर्माण का एक प्रेरणादायी संकल्प–पत्र है। उन्होंने कहा यह बजट युवाओं को अवसर, किसानों को सुरक्षा, उद्यमियों को प्रोत्साहन, मध्यम वर्ग को राहत और श्रमिकों को सम्मान प्रदान करेगा। योगी ने कहा यह बजट नवाचार, विनिर्माण और रोजगार को नई गति देने के साथ ही कृषि, ग्रामीण विकास, अवसंरचना, पर्यटन, संस्कृति और ज्ञान परंपरा को सशक्त बनाते हुए विकास भी, विरासत भी के मंत्र को साकार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में एमएसएमई, स्टार्टअप और स्वदेशी उत्पादन को समर्थन देकर आत्मनिर्भर भारत की नींव को और सुदृढ़ किया गया है। योगी ने भरोसा जताते हुए कहा, पूर्ण विश्वास है कि सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सुशासन के माध्यम से यह बजट वर्तमान के साथ भविष्य के भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने कहा, इस दूरदर्शी एवं लोक–कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार एवं वित्त मंत्री जी का धन्यवाद। वहीं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बजट पर प्रतिक्रिया देते



हुए एक्स पर कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन, केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 युवा और महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन तथा शिक्षा–स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित है। यह बजट ठोस नीतियों और परिणामोन्मुख दृष्टि के साथ श्विकसित भारत–2047श के लक्ष्य को मजबूती से आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा, मैन्युफैक्चरिंग से इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य से पर्यटन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था से एआई, खेल से तीर्थ– हर क्षेत्र में व्यापक अवसर खोलता यह विकसित भारत बजट भारत को उभरते आर्थिक शक्ति–केंद्र के रूप में नई पहचान देता है।ष उन्होंने पोस्ट में मोदी और सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा प्रधानमंत्री की दूरदर्शी आर्थिक नीतियों से भारतीय अर्थव्यवस्था को जो मजबूती मिली है, यह बजट उसी गति को और तेज करता है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एक्स पर कहा, केंद्रीय बजट 2026–27श सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी, विकासोन्मुखी एवं करोड़ों देशवासियों की आशाओं, आकांक्षाओं और महत्वाकांक्षाओं के सभी संकल्पों को सिद्ध करने वाला है।ष उन्होंने कहा, बजट 2026–27 के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है।

### संत रविदास जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी श्रद्धांजलि, बताई उनके विचारों की अहमियत

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा



कि करुणा और न्याय पर उनके विचार सरकार के कल्याणकारी कदमों का मूल आधार है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्मानवता के अनन्य उपासक महान संत श्री गुरु रविदास महाराज जी को उनकी जयंती पर कोटि–कोटि नमन। मोदी ने कहा, उनके विचारों में न्याय और करुणा का भाव सर्वोपरि था, जो जनकल्याण की हमारी योजनाओं के मूल में है। उन्होंने सामाजिक समरसता और सद्भावना के जिस दीप को प्रज्वलित किया, वह देशवासियों के पथ को सदैव आलोकित करता रहेगा। प्रधानमंत्री संत रविदास के अनुयायियों रविदासिया समुदाय के एक पवित्र स्थान डेरा सचखंड बल्लां का दौरा कर रहे हैं। उनका डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास से भी बातचीत का कार्यक्रम है जिन्हें हाल ही में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

# सम्पादकीय

## राहुलमय हुए थरूर

जैसा कि सर्वविदित है कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर की आखिरकार कांग्रेस आलाकमान से मुलाक़ात हो गई जिसकी मांग वो लंबे समय से कर रहे थे। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि शशि थरूर के साथ राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने करीब दो घंटे तक बातचीत की थी। बैठक को सकारात्मक बताते हुए थरूर ने कहा कि सब कुछ ठीक है और हम सब की सोच एक है। केरल में मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनने की इच्छा का भी उन्होंने खंडन किया। कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में पिछले कुछ समय से जिस बर्फ के जमने की खबरें थीं, वह बीते गुरुवार को पिघलती हुई नजर आईं। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हलचल तेज हो गई जब सांसद शशि थरूर, राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ एक मेज पर बैठे।


नफीस जाफरी

दो घंटे तक चली इस मैराथन बैठक ने न केवल पार्टी के भीतर ऑल इज वेल का संदेश दिया, बल्कि उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया जो लंबे समय से थरूर और आलाकमान के बीच दूरियों की कहानी बुन रही थीं। वहीं इधर शशि थरूर के बदले हुए सुर और उनकी तारीफ वाले बयानों से यह स्पष्ट संदेश मिल रहा है कि कांग्रेस के भीतर लंबे समय से चल रही खींचतान अब खत्म हो चुकी है। जिसके बाद सांसद व पार्टी के नेता शशि थरूर अपने पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक ईमानदार व्यक्ति बताया, जो देश में सांप्रदायिकता जैसे विभिन्न मुद्दों पर ''सशक्त आवाज हैं। थरूर ने कहा कि राहुल गांधी को हर कोई पसंद करता है, क्योंकि वह देश में सांप्रदायिकता, नफरत और विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ लगातार बोलते रहते हैं। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने पत्रकारों से कहा, ''इस बारे में मेरी कोई अलग राय नहीं है। थरूर ने यह भी कहा कि उन्होंने राहुल के खिलाफ किसी भी गलत टिप्पणी से कभी सहमति नहीं जताई और कहा, ''वह (राहुल) एक ईमानदार नेता हैं। उनकी यह टिप्पणी अपनी शिकायतों के निवारण के लिए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से हुई मुलाकात के एक दिन बाद आई है।

राजनीतिक गलियारों में इस चर्चा ने जोर पकड़ लिया है कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के साथ हुई यह लंबी बैठक दरअसल शशि थरूर को मनाने की एक गंभीर कवायद थी। माना जा रहा है कि पिछले कुछ समय से पार्टी के भीतर हाशिए पर रहने या वैचारिक मतभेदों के कारण उपजी थरूर की नाराजगी को दूर करने के लिए आलाकमान ने खुद पहल की है। दो घंटे तक चले इस संवाद का मुख्य उद्देश्य थरूर जैसे प्रभावशाली चेहरे को फिर से मुख्यधारा में पूरी तरह सक्रिय करना था।

## यू.जी.सी. नियमों को लेकर हंगामे के पीछे क्या कोई गहरी साजिश है?

राकेश शर्मा

मुझे तो यू.जी.सी. के नए नियमों के पीछे गहरी देशी–विदेशी साजिश की बू आ रही है और एक भूल या जानबूझ कर की गई गलती का राजनीतिक फायदे के लिए शोषण किया जा रहा है। सबसे पहले तो सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार संसद द्वारा कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी ही इस हंगामे के लिए मूलतरू जिम्मेदार है, जिसने शायद धतूरा खाकर वकील इंदिरा जयसिंह द्वारा तैयार रिपोर्ट को बिना किसी गंभीर विचार किए दस्तखत करके शिक्षा मंत्रालय को भेज दिया। ज्ञातव्य हो कि इस कमेटी में हर पार्टी के सांसद थे और आज राजनीतिक फायदे के लिए इस कमेटी के एक भी सदस्य ने सुझाए गए नियमों पर अपनी आपत्ति दर्ज नहीं कराई और अब इनकी पाघ्टयां यू.जी.सी. नियमों के खिलाफ आंदोलन को हवा दे रही हैं। कमेटी की रिपोर्ट से भी ज्यादा मैं मानता हूं कि ज्यादा बड़ी गलती यू.जी.सी. चेयरमैन विनीत जोशी की है और उससे भी बड़ी गलती मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की है, जिन्होंने अपने मंत्रालय के मातहत काम करने वाले यू.जी.सी. को देश में चल रहे यू.जी.सी. नियमों के विरुद्ध आंदोलन का मौका दिया। कमेटी, यू.जी.सी. और मानव संसाधन मंत्रालय ने अक्षम्य अपराध किया है जिससे देश भर में जातियों के बीच टकराव पैदा हो गया है। हड़तालें हो रही हैं बंद हो रहे हैं छात्र सड़कों पर हैं विभिन्न जातिवादी संगठन सड़कों पर हैं और राजनीतिक पाघ्टयां तो रोटियां सेंक ही रही हैं। सरकार की गलती तो है ही लेकिन निष्क्रियता और स्तब्धता इस आंदोलन को और उग्र बना रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने वीरवार को बहुत अच्छा निर्णय देते हुए यू.जी.सी. के नए नियमों पर स्थगनादेश देकर कहा कि पुराने नियम ही लागू रहेंगे और यू.जी.सी. एवं सरकार से इन नियमों के संदर्भ में सफाई मांगी है। इस विषय पर अगली सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय में 19 मार्च तय कर दी गई है। इस निर्णय का शुरुआत में दोनों पक्षों ने हृदय से स्वागत किया, मिठाई भी बांटी गई लेकिन मुझे लगता है कि तुरंत ही राजनीतिक पाघ्टयों ने सोचा कि मोदी सरकार को घेरने का बहुत बड़ा मौका हाथ से निकल रहा है और सर्वोच्च न्यायालय के संतुलित निर्णय के बावजूद विभिन्न कारणों से इस आंदोलन को जारी रखने का फैसला कर लिया। मुझे तो लग रहा है कि इस आंदोलन में अब विदेशी टूल किट की एंट्री हो गई है, भारतीय राजनीतिक पाघ्टयां कितनी बार कह चुकी हैं कि भारत में भी सरकार बदलने के लिए बंगलादेश, नेपाल, श्रीलंका जैसा जेन–जी आंदोलन होगा और यू.जी.सी. के अनर्गल नियमों ने विपक्षियों को एक देश व्यापी आंदोलन का मौका दे दिया। जब विश्व भर में अस्थिरता चल रही है, भारत का दबदबा बढ़ रहा है, ऐसा कोई भी आंदोलन हमारी प्रगति और विकास को अवरुद्ध कर सकता है। सरकार को चाहिए कि तुरंत हस्तक्षेप कर इस आंदोलन को समाप्त करवाए, वरना आग लगवाने वाले इसे शांत नहीं होने देंगे और सरकार को अस्थिर करने के लिए अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते रहेंगे और आंदोलन जारी रखवाने में ही अपना हित समझेंगे। देश से उन्हें कोई लेना–देना नहीं है, उन्हें तो येन–केन–प्रकारेण सत्ता चाहिए। सरकार को अपनी गंभीरता दिखाते हुए और इस आंदोलन को शांत करने के लिए विश्वास दिलाना चाहिए कि किसी भी जाति का कोई भी निर्दोष फंसाया नहीं जा सकता और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। सर्वप्रथम नरेंद्र मोदी को यू.जी.सी. चेयरमैन विनीत जोशी और मानव संसाधन मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त कर देना चाहिए, जिनकी लापरवाही ने सरकार को अनचाही समस्या में डाल दिया है। इसके बाद सभी जातियों के प्रतिनिधियों की एक कमेटी बनाई जानी चाहिए, जो सुझाए कि कैसे किसी भी जाति का कोई निर्दोष फंसे नहीं, दोषी बचे नहीं। कमेटी के सुझाव निष्पक्ष और निरूस्वार्थ दिखने ही नहीं, होने भी चाहिएं। आंदोलनकारियों को भी सोचना चाहिए कि जब सर्वोच्च न्यायालय ने यू.जी.सी. के विवादास्पद नियम पर स्थगनादेश दे दिया है तब इस विषय का निस्तारण होने तक कोई भी आंदोलन राजनीति से ही प्रेरित है, जिसमें देशी–विदेशी ताकतों की साजिश दिखाई दे रही है। देश का हित सर्वोच्च होना चाहिए।

# एनसीपी की राजनीति में आया नया मोड़


गुलफिशा खान

अजित पवार के जाने के साथ महाराष्ट्र की राजनीति सिर्फ एक नेता नहीं, एक ठहराव भी खो बैठी। चारों तरफ शोक था, परिवार में सन्नाटा और कार्यकर्ताओं की आंखों में टूटता भरोसा। लेकिन इसी खामोशी के बीच, मुंबई में सत्ता की घड़ियां तेज चलने लगीं। जिस वक्त पवार परिवार अपने दुख को समेटने की कोशिश कर रहा था, उसी वक्त एक बड़ा राजनीतिक फैसला आकार ले रहा था। वो फैसला था सुनेत्रा पवार को उप मुख्यमंत्री बनाने का। यह फैसला सिर्फ एक पद भरने की कवायद नहीं था, बल्कि उस मोड़ की कहानी है जहां भावनाओं पर राजनीति भारी पड़ी और संभावित पार्टी विलय की बातचीत अचानक सत्ता के रास्ते से अलग हो गई। अजित पवार के विमान हादसे में निधन के बाद महाराष्ट्र की राजनीति शोक में थी, लेकिन सियासी गलियारों में एक और चर्चा तेज हो चुकी थी। एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की। एनसीपी (शरद पवार) गुट के वरिष्ठ नेताओं ने दावा किया कि यह सिर्फ चर्चा नहीं थी, बल्कि तीन–चार महीनों से बातचीत चल रही थी। एकनाथ खडसे, अनिल देशमुख, राजेश टोपे जैसे नेताओं ने खुलकर कहा कि विलय लगभग तय था, सिर्फ औपचारिक ऐलान बाकी था। यहां तक कहा गया कि अजित पवार की आखिरी इच्छा भी यही थी कि पार्टी एक हो और शरद पवार के जन्मदिन तक यह श्तोहफाश दिया जाए। तो वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र की सियासत में चार दिन के भीतर शनिवार को दूसरा अहम मोड़ आया। विमान हादसे में अजित पवार के निधन के बाद सुनेत्रा पवार ने पति की सियासत और कुर्सी, दोनों को संभाल लिया। शनिवार शाम पांच बजे उन्होंने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शरद पवार परिवार ने इस शपथग्रहण से दूरी बनाई। महाराष्ट्र की सियासत में जब भी पवार नाम आता है, तो सत्ता के 'पावर' की याद आती है। लेकिन आज चर्चा का केंद्र पवार परिवार का कोई मंझा हुआ राजनेता नहीं, बल्कि वह चेहरा है जिसने दशकों तक पर्दे के पीछे रहकर संगठन और राजनीति को करीब से देखा है। सुनेत्रा अजित पवार वहिनी (भाभी)। उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य और उत्तराधिकार की जंग के बीच, राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार अब केवल एक वहिनी नहीं, बल्कि राज्य की राजनीति में एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रही हैं। अजित पवार गुट के नेता वहिनी के नेतृत्व को स्वीकार कर उनके साथ खड़े हैं। शपथ



से पहले उन्हें एनसीपी विधायक दल का नेता चुना गया। शैक्षणिक रूप से स्नातक सुनेत्रा पवार का अब तक का संसदीय रिकॉर्ड औसत स्तर का रहा है। भले ही सक्रिय राजनीति की पिच पर उनका औपचारिक अनुभव पारंपरिक अर्थों में बहुत अधिक रोमांचक या एग्रेसिव न दिखे, लेकिन उनकी व्यक्तिगत स्थिति उन्हें एक ऐसे ऊंचे पायदान पर खड़ा करती है जहां से उन्होंने सत्ता और नीति–निर्माण के हर उतार–चढ़ाव को बहुत करीब से देखा है। पवार परिवार के भीतर दशकों तक राजनीति और प्रशासन की बारीकियों को उन्हे देखने का मौका मिला है। वे केवल एक सांसद नहीं हैं, बल्कि वे उस हाई टेबल का हिस्सा रही हैं जहां महाराष्ट्र और देश के बड़े राजनीतिक फैसले लिए जाते रहे हैं। आइए उनके संसद के कार्यकाल पर नजर डालें। राज्यसभा की वेबसाइट पर उपलब्ध डेटा के अनुसार उन्होने संसद में कम शब्दों में लेकिन सटीक सवाल रखे हैं। पीआरएस के आंकड़े उनके संसदीय सफर की एक दिलचस्प तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने अब तक 126 प्रश्न पूछे हैं, जो राष्ट्रीय औसत (92) से काफी अधिक है। उनके सवाल सीधे तौर पर .षि, रेल परियोजनाएं, पश्चिमी घाट का संरक्षण और नासिक कुंभ मेला 2027 जैसी ज़मीनी ज़रूरतों से जुड़े रहे। फरवरी 2025 में राज्यसभा के उपाध्यक्षों के पैनल में उनका नामित होना यह दर्शाता है कि उनका राजनैतिक वजन भारी है। 1963 में उस्मानाबाद (अब धाराशिव) में जन्मीं सुनेत्रा पवार एक मराठा परिवार से आती हैं, जिसकी स्थानीय राजनीति में गहरी जड़ें रही हैं। उनके पिता बाजीराव पाटिल क्षेत्रीय स्तर पर सक्रिय राजनीतिक व्यक्ति थे, जबकि उनके भाई पद्मसिंह बाजीराव पाटिल 1980 के दशक में जिले की राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में उभरे. पवार परिवार में विवाह से बहुत पहले ही सुनेत्रा पवार का पालन–पोषण ऐसे माहौल में हुआ, जहां सार्वजनिक जीवन और राजनीति रोजमर्रा की बातचीत का हिस्सा थे। सुनेत्रा पवार ने औरंगाबाद के एस.बी. कॉलेज से बी.कॉम किया है। हालांकि बी. कॉम की डिग्री के बवजूद उन्होने बारामती हाई–टेक टेक्सटाइल पार्क जैसे बड़े औद्योगिक उपक्रम का नेतृत्व किया, जहाँ उत्पादन, निवेश, रोजगार और महिला सशक्तिकरण–चारों मोर्चों पर निर्णय लेने की जिम्मेदारी रही। वहीं एक बिजनेस एंटरप्रेन्योर के रूप में उन्होंने अपनी शैक्षणिक पृष्ठभूमि को संस्थागत प्रबंधन में बदला. विद्या प्रतिष्ठान जैसे विशाल शैक्षणिक समूह में ट्रस्टी की भूमिका निभाते हुए वे 25,000 से अधिक छात्रों की शिक्षा, अकादमिक गुणवत्ता और प्रशासनिक ढांचे की निगरानी कर रही हैं। सुनेत्रा पवार अपने कार्यो के जरिए अकसर सुर्खीयां नहीं बटोरती लेकिन उनकी वैबसाईट पर बताई हुई जानकारी के अनुसार उन्होने 2010 में उन्होंने एनवायरमेंटल फॉर्म ऑफ इंडिया की स्थापना की जिसके तहत उन्होंने कटेवाड़ी गांव को देश का पहला इको–विलेज बनाने में अहम भूमिका निभाई, जहाँ जल संरक्षण और सौर ऊर्जा की मिसाल दी जाती है। इसी के साथ बारामती हाई–टेक टेक्सटाइल पार्क की चेयरपर्सन के रूप में उन्होंने 15,000 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया। विद्या प्रतिष्ठान की ट्रस्टी के रूप में वे 25,000 से अधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही हैं। सुनेत्रा पवार की सबसे बड़ी ताकत है उनकी पार्टी के नेताओ का उनके प्रति झुकाव . उनके पास परिवार की विरासत भी है और सामाजिक कार्यो का अनुभव भी। लेकिन राजनीति के इस नए अध्याय में उनके सामने चुनौतियां भी बड़ी हैं। अजित पवार की विरासत को आगे ले जाने के लिए उन्हें केवल पॉलिसी (नीति) नहीं, बल्कि राजनीतिक एग्रेसन (आक्रामकता) और प्रशासनिक नेतृत्व की कसौटी पर भी खुद को साबित करना होगा।

# एनसीपी के विलय की बात रास्ते से गई भटक


फरीद वारसी

महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पति दिवंगत अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। लोकभवन में राज्यपाल ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी के साथ महाराष्ट्र को पहली महिला उप मुख्यमंत्री मिल गई। इधर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने इन घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया दी है। सुनेत्रा पवार के शपथ ग्रहण समारोह के बारे में बात करते हुए, सुप्रिया सुले ने बहुत कम शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता और इस तरह उन्होंने इस विषय पर और अधिक बोलने से परहेज किया। तो वहीं दूसरी ओर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने इस घटनाक्रम से स्वयं को अलग करते हुए कहा कि उन्हें इसकी ''कोई जानकारी नहीं' है। शरद पवार ने साथ ही कहा कि उनके दिवंगत भतीजे अजित पवार ने राकांपा गुटों के बीच विलय की घोषणा के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की थी। शरद पवार ने बारामती में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राकांपा के गुटों को एकजुट करना अजित पवार की इच्छा थी और वह इसे लेकर आशावादी थे। उन्होंने कहा कि यह फैसला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने ही लिया होगा और इस संबंध में उनसे कोई चर्चा नहीं की गई। शरद पवार ने कहा, ''मुझे शपथग्रहण समारोह की जानकारी नहीं है। मुझे यह भी नहीं पता है कि यह आज होने वाला है। शपथग्रहण समारोह के बारे में मुझसे कोई चर्चा नहीं हुई। शायद उनकी पार्टी (राकांपा) ने यह फैसला किया होगा। प्रफुल्ल पटेल एवं सुनील तटकरे के नाम सामने आए हैं और पता चला है कि उन्होंने पहल की है। हो सकता है कि उन्होंने पार्टी के भीतर ही यह फैसला किया हो। वहीं इससे पूर्व अजित पवार के निधन के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और महाराष्ट्र की राजनीति में आए शून्य को भरने की कवायद तेज हो चली थी। बीते शुक्रवार को एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और महाराष्ट ईकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इमरजेंसी बैठक की। इस बैठक में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार भी शामिल थी। बैठक में एनसीपी नेताओं ने सुनेत्रा पवार को अजित पवार की जगह महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित किया। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की सलाह पर सुनेत्रा ने संकट की इस घड़ी के बीच मुख्यमंत्री पद पद संभालने की बात स्वीकार कर। लेकिन कहा जा रहा है किअजित के निधन के बाद एनसीपी की महायुति सरकार में मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जैसा कि उल्लेखनीय है कि अजित के निधन के बाद उनकी राजनैतिक विरासत संभालने के लिए उत्तराधिकारी की तलाश की जा रही थी। उत्तराधिकारियों की लिस्ट में उनकी



में हुई इस इमरजेंसी बैठक से शरद पवार परिवार नाराज बताए जा रहे हैं। पवार परिवार के विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शरद पवार परिवार सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल पर नाराज है। दुख की इस घड़ी में हुई बैठक और उसमें जल्दबाजी में लिए गए फैसलों पर शरद पवार परिवार असहज है। सूत्रों का कहना है कि नाराज परिजनों का कहना है कि अस्थि विसर्जन की धार्मिक क्रिया पूरी होने से पहले ही मुंबई में बैठक आयोजित करना सही नहीं है। परिवार के भीतर यह चर्चा है कि इतनी जल्दबाजी करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। यहां यह बताते चलें कि अजित पवार एनसीपी के अध्यक्ष होने के साथ–साथ महाराष्ट्र पत्नी सुनेत्रा का नाम पहले नंबर था। जहां तक एनसीपी के दोनों गुटों में होने वाले संभावित विलय का सवाल है तो अजित पवार की मौत से पहले दोनों एनसीपी गुटों (अजित गुट और शरद पवार गुट) के विलय की बातें तेज थीं। 17 जनवरी को अजित और शरद पवार की बैठक हुई थी। जिसके बाद शरद पवार ने बारामती प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया कि अजित की इच्छा थी कि दोनों गुट एक हों। 12 फरवरी को ऐलान होना था। जयंत पाटिल, शशिकांत शिंदे और अजित ने बात शुरू की थी। दुर्भाग्य से हादसा हो गया। शरद ने कहा, अब भी हम चाहते हैं कि एकीकरण हो। वहीं अजित गुट के नेताओं को डर सता रहा है। अगर विलय हुआ तो कमान पूरी तरह शरद पवार के हाथ में चली जाएगी। अजित के साथ आए कई नेता (जिन्हें सीबीआई और ईडी जांचों से राहत मिली थी) अपनी सत्ता और सुरक्षा खो सकते हैं। महायुति गठबंधन टूट सकता है, क्योंकि शरद पवार ने स्पष्ट कहा है कि वे भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। इसलिए अजित गुट ने तुरंत सुनेत्रा पवार को आगे किया। वे परिवार की सदस्य हैं, विधायकों में स्वीकार्य हैं और बाइंडिंग फोर्स बन सकती हैं। ताकि विधायक शरद गुट की ओर न खिंचें। सुनेत्रा राजनीति में नई हैं (2024 में बारामती से चुनाव हारी थीं), इसलिए दिग्गज उन्हें आसानी से प्रभावित कर सकते हैं। जैसा कि उल्लेखनीय है कि शरद पवार ने स्पष्ट कहा, सुनेत्रा की शपथ की मुझे मीडिया से पता चला। परिवार से कोई चर्चा नहीं। प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने फैसला लिया। उन्होंने परिवार की अनदेखी पर नाराजगी जताई। पार्थ पवार (अजित के बेटे) ने भी शरद से मुलाकात की, लेकिन फैसला पहले ही हो चुका था। सुप्रिया सुले और सुनेत्रा के बीच पुरानी चुनावी रंजिश भी अब परिवार की विरासत की लड़ाई में बदल सकती है। चर्चा है कि अजित गुट सत्ता बचाने और विलय रोकने की कोशिश में जुटा है। सुनेत्रा को ढाल बनाकर अलग अस्तित्व बचाना पार्टी के लिए चुनौती है। महाराष्ट्र की राजनीति में यह ट्रेजडी सिर्फ एक हादसा नहीं– बल्कि पावर, परिवार और विरासत का नया अध्याय है। सुनेत्रा की शपथ एक नई शुरुआत है, लेकिन पुरानी रणनीतियों के साथ. क्या विलय होगा या टूट और गहराएगी? ये तो आने वाले हते बताएंगे। एक अन्य कारण भी है जिससे अजित पवार की एनसीपी के नेता एकीकरण से घबराए हुए हैं। शरद पवार ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि वे किसी भी स्थिति में भाजपा के साथ नहीं जाएंगे। इससे यह अंदेशा पैदा हो गया कि एकी.त एनसीपी केंद्र में एनडीए और राज्य में महायुति गठबंधन से अलग हो सकती है। ऐसी स्थिति में इन नेताओं के हाथ से सत्ता जा सकती है। गौरतलब है कि इनमें से कई नेता महायुति में शामिल होने से पहले सीबीआई, ईडी और एंटी–करप्शन ब्यूरो जैसी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में थे। गठबंधन में शामिल होने के बाद उन्हें न केवल सत्ता मिली, बल्कि कानूनी मामलों में भी राहत मिली। इन नेताओं को डर है कि यदि पार्टी महायुति से बाहर निकली, तो उनकी कानूनी मुश्किलें दोबारा शुरू हो सकती हैं। दूसरी ओर, सुनेत्रा पवार राजनीति में अपेक्षा.त नई हैं। उन्होंने 2024 में अपनी ननंद सुप्रिया सुले के खिलाफ बारामती से लोकसभा चुनाव लड़कर राजनीति में कदम रखा था, जिसमें उन्हें असफलता मिली थी। ऐसे में दिग्गज नेताओं को लगता है कि यदि सुनेत्रा पार्टी के शीर्ष पर रहती हैं तो उनके फैसलों को प्रभावित करना और अपना वर्चस्व बनाए रखना आसान होगा।

# भाजपा कैसे कर रही हरियाणा से पंजाब के लिए अपनी रणनीति का पुनर्निर्माण

मोनिका मलिक

पंजाब में अगला विधानसभा चुनाव अभी दूर है लेकिन राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव आना शुरू हो गया है। विरोध प्रदर्शनों, कानून व्यवस्था पर बहसों और केंद्र–राज्य की खींचतान के बीच, भारतीय जनता पार्टी एक दूरदर्शी पार्टी के धैर्य के साथ चुपचाप अपनी पंजाब रणनीति को नए सिरे से तैयार कर रही है। इस पुनर्समायोजन के केंद्र में एक तेजी से उभरता हुआ और सावधानीपूर्वक स्थापित व्यक्तित्व है– हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। एक सामान्य पर्यवेक्षक के लिए, पंजाब में सैनी की लगातार उपस्थिति सामान्य या प्रतीकात्मक प्रतीत हो सकती है। हालांकि, भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति पर नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों के लिए, यह पार्टी के पंजाब संबंधी दृष्टिकोण को नया रूप देने का एक सुनियोजित प्रयास है। पंजाब में भाजपा की वर्तमान हाशिए की स्थिति अक्सर उसके जटिल चुनावी सफर को छिपा देती है। 2007 और 2012 में, पार्टी शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की सहयोगी के रूप में सत्ता में मजबूती से स्थापित थी, महत्वपूर्ण विभागों पर उसका नियंत्रण था और अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पठानकोट और होशियारपुर जैसे शहरी, हिंदू बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में उसका दबदबा था। शिअद का ग्रामीण सिख बहुल क्षेत्रों में दबदबा था। भाजपा ने सिख राजनीतिक नेतृत्व को चुनौती दिए बिना उसका समर्थन किया। 2022 के विधानसभा चुनावों से पहले गठबंधन का टूटना महंगा साबित हुआ। पंजाब लोक कांग्रेस और शिअद (संयुक्त) के साथ एन.डी.ए. गठबंधन में 73 सीटों पर चुनाव लड़ते हुए भाजपा को केवल 2 सीटें मिलीं। फिर भी, इस निराशाजनक परिणाम ने एक महत्वपूर्ण तथ्य को छिपा दिया, जिस पर पार्टी के रणनीतिकार लगातार जोर देते हैं। भाजपा का वोट शेयर बढ़कर 6.6 प्रतिशत हो गया, जो उसके पिछले अकेले चुनाव प्रदर्शन से 1.2 प्रतिशत अंक अधिक है। 2024 के लोकसभा चुनावों में यह रुझान और भी स्पष्ट हो गया। हालांकि भाजपा एक भी संसदीय सीट जीतने में असफल रही (2019 में 2 सीटों की तुलना में) लेकिन उसका वोट शेयर 9.63 प्रतिशत से बढ़कर 18.56 प्रतिशत हो गया, जो 5 वर्षों में लगभग 9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि है। पार्टी तीन लोकसभा क्षेत्रों में दूसरे स्थान पर रही और 23 विधानसभा क्षेत्रों में आगे रही। केवल 2 विधायकों वाली पार्टी के लिए ये आंकड़े महत्वहीनता का संकेत नहीं हैं। ये भाजपा की उस समस्या को दर्शाते हैं, जिसे वह 'असंभावित वोट' मानती है–ऐसे वोट जिनमें सीटों में परिवर्तित होने की संगठनात्मक क्षमता नहीं है। इस अंतर को पाटने के लिए, निरंतर और सांस्कृतिक रूप से अनुकूलित जनसंपर्क के माध्यम से, नायब सिंह सैनी की भूमिका सामने आती है। भाजपा के लिए सैनी सिर्फ एक कैंपेनर नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संपत्ति हैं। हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद उनका उदय हुआ, जिससे पार्टी के अंदर उनकी स्थिति मजबूत हुई है। हालांकि, पंजाब में उनकी प्रासंगिकता पहचान और छवि के मेल में है, जिसे भाजपा महत्वपूर्ण मानती है। वह सैनी समुदाय से हैं, जिसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ.बी.सी.) में वर्गीकृत किया गया है। भाजपा एक व्यापक सामाजिक एकजुटता रणनीति के हिस्से के रूप में गैर–जाट ओ.बी.सी. समूहों को सक्रिय रूप से लुभा रही है। पंजाब में, हिंदू ओ.बी.सी. मतदाता एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, विशेषकर कुछ खास इलाकों में, जिससे यह पहुंच राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। भाजपा रणनीतिकारों द्वारा सैनी की व्यक्तिगत पृष्ठभूमि को भी समान रूप से उजागर किया गया है। उनकी मां सिख समुदाय से हैं, साथ ही पंजाबी सांस्कृतिक प्रतीकों को लगातार अपनाने पर भी जोर दिया गया है। पंजाब में पगड़ी पहनना, गुरुद्वारों का दौरा, पंजाबी बोलियों में सहजता, और सिख धार्मिक स्थलों के साथ स्पष्ट जुड़ाव को सिख और पंजाबी ड्क्षहदू दोनों समुदायों के बीच पुल के रूप में पेश किया जा रहा है। पंजाब में सैनी की गतिविधियां बेतरतीब नहीं रहीं। उनकी पहुंच हरियाणा से सटे सीमावर्ती और अर्ध–सीमावर्ती जिलों, जिनमें जीरकपुर, डेरा बस्सी, संगरूर और सुनाम शामिल हैं और दोआबा तथा पुआध क्षेत्रों के कुछ हिस्सों तक केंद्रित रही है। इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय ओ.बी.सी. आबादी है और पड़ोसी हरियाणा के साथ लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। पारंपरिक पोशाक में उनकी उपस्थिति, गुरुद्वारा कार्यक्रमों में भागीदारी और सिख धार्मिक समारोहों में उपस्थिति को सम्मान के संकेत के रूप में पेश किया जाता है। सांझा इतिहास और रिश्तेदारी के संदर्भ अक्सर पंजाब को 'बड़ा भाई' बताते हुए, राजनीतिक कड़वाहट को कम करने के लिए सावधानी से चुने जाते हैं। एस.वाई.एल. नहर या चंडीगढ़ की स्थिति जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी, सैनी का लहजा टकराव वाला नहीं, बल्कि सुलह वाला रहा है। भाजपा की पंजाब रणनीति हरियाणा में सैनी के शासन को दिखाने पर भी बहुत अधिक निर्भर करती है। हरियाणा सरकार का 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों के परिवारों को नौकरी देने का फैसला, सिख गुरुओं की याद में लैजिस्लेटिव कार्यक्रम और लाडो लक्ष्मी योजना जैसी कल्याण योजना, जिसमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपए देने का वादा किया गया है, इन्हें ठोस प्रशासनिक नतीजों के तौर पर पेश किया जा रहा है। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने 2022 में महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए देने का वादा किया था, जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है। भाजपा 'कांग्रेस से आयात' की दिशा से आगे बढ़ रही रू आंतरिक रूप से, सैनी की प्रमुखता एक बदलाव का संकेत भी देती है। पिछले कुछ वर्षों में, भाजपा की पंजाब इकाई में उन नेताओं का दबदबा रहा है, जो कांग्रेस या सहयोगी दलों से आए थे–जैसे कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुनील कुमार जाखड़। इसके विपरीत, सैनी पंजाब में बिना किसी पूर्वाग्रह या गुटबाजी के भाजपा के स्वदेशी नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके उदय से पार्टी को आयातित नेताओं पर निर्भरता की बजाय एक स्वाभाविक नेतृत्व की छवि प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है। बहुत कम लोगों को उम्मीद है कि 2027 में भाजपा पंजाब में बहुमत हासिल कर पाएगी। ग्रामीण मालवा में संगठनात्मक कमियां अभी भी बनी हुई हैं और सिखों का राजनीतिक संशय भी कायम है। फिर भी, चुनाव समीकरणों को नया रूप देने का भी जरिया हैं। अगर भाजपा ओ.बी.सी. समर्थन को मजबूत कर पाती है, शहरी हिंदू वोट बैंक को बरकरार रख पाती है और दोआबा और सीमावर्ती इलाकों में विरोध को कम कर पाती है, तो वह एक महत्वपूर्ण तीसरी शक्ति के रूप में उभर सकती है। मामूली बढ़त भी पारंपरिक वोट बैंक को प्रभावित कर सकती है और गठबंधन के समीकरण को बदल सकती है। पंजाब में शॉर्टकट को शायद ही कभी बढ़ावा दिया गया है। भाजपा धैर्य की रणनीति अपना रही है, जहां सांस्कृतिक जुड़ाव महत्वाकांक्षा से पहले आता है और शासन की दिखावट बयानबाजी से पहले। इस ढांचे में, सैनी पार्टी के सबसे प्रमुख और सोच–समझकर इस्तेमाल किए गए हथियार के रूप में उभरे हैं।

# चारों धर्मगुरुओं ने किया एमके गारमेंट्स का उद्घाटन



न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। बुलंदशहर रोड पर स्थित एमके गारमेंट्स शोरूम का भव्य उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में चारों धर्मों के प्रतिनिधि गुरु उपस्थित रहे। जिनमें सिख धर्म से बृजपाल सिंह, ईसाई धर्म से फादर क्रिटोफर, हिंदू धर्म से शिवाकांत शास्त्री व इस्लाम से कारी तनवीर शामिल थे। साथ ही शमशेर सिंह भी मौजूद रहे। इनके शुभ हाथों से रिबन काटकर शोरूम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में गंगा–जमुनी तहजीब और भाईचारे का संदेश दिया गया। हापुड़ क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें वरिष्ठ समाजसेवी साबिर सैफी, डॉ. इरफान मसूदी, असौड़ा शेरुद्दीन, भारतीय किसान यूनियन मीडिया प्रभारी गुलफाम सैफी, विपिन दीवान, बसपा प्रत्याशी धर्मवीर सिंह तथा मशहूर यूट्यूबर नाहिद भाई शामिल रहे।

# उस्मानिया खेल मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ



न्यूज वाणी ब्यूरो

चौनपुर, कैमूर। जिले के चौनपुर प्रखंड अंतर्गत उस्मानिया खेल मैदान में आज फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मोहम्मद जमा खान ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मंत्री ने खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। मंत्री मोहम्मद जमा खान ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट में विभिन्न क्षेत्रों की कई फुटबॉल टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन मैच खिलाड़ियों के जोश और रोमांच से भरपूर रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। पूरे मैदान में दर्शकों का उत्साह देखने लायक था। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मऊ और कुर्रा टीम के बीच खेला गया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में हाफ टाइम से पहले दोनों टीमों ने एक–एक गोल दागकर मैच को बराबरी पर ला दिया। खिलाड़ियों के शानदार खेल और बेहतरीन तालमेल ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया, वहीं हर गोल पर मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मैच के दौरान खेल मैदान में बड़ी संख्या में स्थानीय खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमें भाग लेंगी और आने वाले दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और खेल संस्ति को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर चांद प्रखंड के पूर्व पैक्स अध्यक्ष संजय सिंह सह बालाजी मार्ट के प्रोप्राइटर ने भी खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों की सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, आयोजन समिति के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह का समापन खेल भावना, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ किया।

# मदनपुर ब्लॉक में 149 लाभार्थियों को मिले सीएम आवास योजना के प्रमाण पत्र



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के मार्गदर्शन मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के कुशल नेतृत्व और परियोजना निदेशक के प्रयासों से जनपद में गरीबों का अपना घर होने का सपना अब धरातल पर उतर रहा है, इसी कड़ी में मदनपुर ब्लाक खण्ड में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान 149 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वी.त प्रमाण पत्र सौंपें गए। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर नागरिक के सिर पर छत हो, जिससे उसके जीवन स्तर में सुधार आए, प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति आवास की सुविधा से वंचित न हो, इस दौरान बंजारे समुदाय से आने वाले सुजानीपुर के हवलदार, मुन्नीदेवी, दिव्यांग सुभाष, निराश्रित विधवा अनीता, दिव्यांग अनिल कुमार, निराश्रित विधवा सुमन को प्रमाण पत्र सौंपे गए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख योगेन्द्र सिंह, पूर्व विधायक हरीओम, खण्ड विकास अधिकारी कविता चाहर और बड़ी संख्या में मदनपुर के नागरिक उपस्थित रहें।

# उम्मे ने रविदास जन्मोत्सव की शोभा यात्रा का किया उद्घाटन



न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। नानौता देहात ग्राम शेखुपुरा हिमामपुर मित्तरगढ़ में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसका शुभारम्भ पूर्व प्रधान स्वर्गीय शाहनवाज उर्फ अब्बी की पत्नी उम्मे हबीबा ने रिबिन काट कर व संत गुरु रविदास महाराज की तास्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए शुभारम्भ किया। रालोद नेता नावेद अख्तर उर्फ बबली ने कहा संत गुरु रविदास महाराज जयंती (रैदास जयंती) भक्तिकाल के महान संत, कवि, और समाज सुधारक रविदास की शिक्षाओं, समानता और भाईचारे के संदेश का सम्मान करने के लिए हर साल माघ पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह दिन उनके द्वारा जातिवाद–छुआछूत के विरोध और प्रेम–मानवता के प्रचार को याद करने का अवसर है।

# वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कराएं प्रतिभाग : अश्वनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार की सहमति एवं निर्देशन में विज्ञान लोकप्रियकरण संचार कार्यक्रम के अंतर्गत अंधविश्वासों के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बाल कल्याण इंटर कॉलेज, सिरसागंज में 06 फरवरी को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य विषय अंधविश्वास है। जिसमें अंधविश्वास पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान नाटिका, विज्ञान शपथ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध किया है कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को समय से प्रतिभाग कराकर उनके वैज्ञानिक .ष्टिकोण में वृद्धि करें। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा। बाल कल्याण इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रबंधक रवि यादव ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालय के प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग कराकर उनकी प्रतिभा का विकास करे।

# जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही अक्षम्य

## – अधिकारी संवेदनशीलता से करें कार्य : जयवीर



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज अपने आवास पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम जनमानस की समस्याओं को सुना, जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया, जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मंत्री ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों को निस्तारित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शीथिलता या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने निर्देशित किया कि आम जनता को अपने जायज काम के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने न पड़े और हर प्रार्थना पत्र का निस्तारण एक निश्चित समय सीमा के अंदर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े हर व्यक्ति की मदद करना है। जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, प्रशासन, विकास कार्य और स्वास्थ्य विभाग इत्यादि से संबंधित मामले सामने आए, जिन्हें विभागों को तत्काल अग्रसारित किया गया। इस दौरान पुलिस क्षेत्र अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कूड़ा संग्रह केंद्र में मवेशियों का चारा रखकर किया जा रहा अतिक्रमण



न्यूज वाणी ब्यूरो

एलाऊ। ग्राम पंचायत इलाबांस में स्थित कूड़ा संग्रह केंद्र पर मवेशियों का चारा रखकर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। इस कारण न केवल स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कूड़ा संग्रह केंद्र का उपयोग ग्राम पंचायत द्वारा कचरा एकत्र करने के लिए किया जाता है, लेकिन कुछ लोगों ने वहां मवेशियों का चारा जमा कर स्थायी रूप से अतिक्रमण कर लिया है। इससे कचरे का सही ढंग से निस्तारण नहीं हो पा रहा और आसपास गंदगी फैल रही है। सरकार ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर कूड़ा घरों का निर्माण कराया है, लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता के चलते गांव से निकलने वाला कूड़ा यहां तक नहीं पहुंचाया जा रहा है। पंचायत में तैनात सफाईकर्मी घरों एवं नालियों से निकलने वाला कूड़ा जस का छोड़ देते हैं, जिससे गांव में गंदगी का माहौल है। नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि मामले की शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि कूड़ा संग्रह केंद्र से तुरंत अतिक्रमण हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस संबंध में एडीओ पंचायत मनोज प्रभाकर का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और नियमों के विरुद्ध अतिक्रमण पाए जाने पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# कीचड़ के समंदर में तब्दील हुई बुखारी टोला की सड़क

## - सितारा निरमा प्लांट से जिंद बाबा मजार तक का रास्ता बना नरक

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी टाउन, खीरी। कस्बा खीरी के बुखारी टोला स्थित सितारा निरमा प्लांट से जिंद बाबा की मजार तक जाने वाला मुख्य मार्ग अब सड़क कम और कीचड़ का दलदल ज्यादा नजर आता है। प्रशासन की घोर उपेक्षा के चलते यह महत्वपूर्ण रास्ता राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। हालात इतने बदतर हैं कि यहाँ से पैदल निकलना भी जान जोखिम में डालने जैसा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सड़क पर जमा बेहिसाब कीचड़ और गंदगी के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। बुजुर्गों और बच्चों का घर से निकलना मुहाल हो गया है। जो रास्ता लोगों की सुविधा के लिए होना चाहिए था, वह अब बीमारी और दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है। अधिकार क्षेत्र के खेल में पिसती जनता इस समस्या का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पहलू प्रशासनिक लापरवाही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वे कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट चुके हैं लेकिन, समाधान की जगह उन्हें हर बार एक ही रटा–रटाया जवाब मिलता है यह सड़क मेरे अधिकार क्षेत्र (अंडर) में नहीं आती है। सवाल यह है कि अगर शहर के बीचों–बीच स्थित एक मुख्य मार्ग किसी के भी अंडर नहीं आता, तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोपने के इस खेल में आम जनता पिस रही है। स्थानीय लोगों में भारी रोष इलाके के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही इस सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई और जलभराव/कीचड़ की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे जिलाधिकारी से मिलेंगे अब देखना यह है कि कुंभकर्णी नींद में सोया प्रशासन कब जागता है और जनता को इस नरक से मुक्ति दिलाता है।

# शाश्वत हॉस्पिटल के प्रबंधक सहित तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज



न्यूज वाणी ब्यूरो

दिलदारनगर, गाजीपुर। स्थानीय थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर प्रसूता की मौत के मामले में शाश्वत हॉस्पिटल के प्रबंधक सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित सुनील कुमार पुत्र नंदू राम निवासी ग्राम देवा बैरनपुर थाना जमानियां हाल पता ग्राम गहमर ने जनपद न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी ममता शर्मा का प्रसव कराने के लिए बीते 5 सितम्बर 25 को मेडिकल चलाने वाली करहियां गांव की विमला गुप्ता के माध्यम से बड़ी नहर दिलदारनगर स्थित शाश्वत हॉस्पिटल में अपना परिचित व भरोसेमंद अस्पताल बताकर ले गई और दोपहर 12 बजे एडमिट करा दिया। एडमिट कराने के बाद डॉक्टर से कुछ पैसे लेने के बाद विमली देवी बिना बताए वहां से चली गई। 5/6 की रात करीब 2.20 बजे डाक्टर द्वारा पत्नी का प्रसव कराया गया। लेकिन लापवाही के कारण उसकी पत्नी का ब्लडप्रेशर व रक्तस्राव नहीं रुका, जिससे घबरा कर डाक्टर ने उसे बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया, तब तक उसकी पत्नी कोमा में जा चुकी थी। बावजूद इसके वह शाश्वत हॉस्पिटल के एम्बुलेंस से बीएचयू वाराणसी के लिए निकल गए लेकिन रास्ते में ही उसकी पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत का जिम्मेदार हॉस्पिटल, तत्कालीन डाक्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए 23 सितंबर को पुलिस अधीक्षक के नाम प्रार्थना पत्र रजिस्ट्री भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से दुखी होकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने मामले का संज्ञान लेकर शाश्वत हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई के लिए दिलदारनगर थाना को आदेशित किया। जिस पर स्थानीय थाना ने हॉस्पिटल के प्रबंधक, तत्कालीन डाक्टर व विमला गुप्ता के मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

# गब्बर की अगुवाई में जयनाथ वेटरन क्रिकेट का बना चैंपियन



न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनपद के जमानिया नगर पालिका परिषद के लोदीपुर ईदगाह के बगल में और माँ कपूरा मंदिर के सौजन्य से जमानिया क्रिकेट लीग वेटरन खिलाड़ियों का एक दिवसीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन नारायण दास चौरसिया ने फीता काटकर किया विशिष्ट अतिथि राज चौधरी सभासद चौधरी मोहल्ला जमानिया रहें। प्रतियोगिता में सीधे सेमीफाइनल मुकाबले हुए पहले सेमीफाइनल में चौधरी मोहल्ला की टीम नई बस्ती को हराकर फाइनल में गयी। दूसरे सेमीफाइनल में गब्बर उर्फ जय मिष्ठान भंडार की टीम ने पठान टोली मोहल्ले की टीम को हराकर शानदार ढंग से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला गब्बर की टीम और जुगनू शम्भू के टीम के मध्य 10–10 ओवर का हुआ। 10 ओवर में गब्बर की टीम ने 216 रन बनाए। जयनाथ टीम के तरफ से रूपक ने शानदार 146 रन नॉट ऑउट रहें। जवाब उतरी चौधरी मोहल्ला के सलामी बल्लेबाज मुलायम यादव और वसीम ने की लेकिन जल्द ही दोनों बल्लेबाज आउट हो गए,और फिर जल्द ही विकेटों का गिरने का सिलसिला शुरु हो गया। एक छोर से गुलजार शानदार 45 रन नॉट रहे लेकिन पुरी टीम 146 रन बनाकर आउट हो गयी और गब्बर की टीम ने शानदार विजय दर्ज की। मैन ऑफ द मैच और सिरीज रूपक रहें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व नपा अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता रहें, और कहें कि इस प्रकार की प्रतियोगिता हर माह होनी चाहिए चाहिए, जिससे जो वेटरन खिलाड़ी वह भी अपन अतित को याद करें। प्रतियोगिता का संचालन व आयोजन दिलीप कुमार और संदीप गुप्ता ने किया।

# विश्व हिंदू परिषद ने बैठक का किया आयोजन




न्यूज वाणी ब्यूरो

गोण्डा। विश्व हिंदू परिषद गोण्डा की जिला योजना बैठक सरस्वती विद्या मंदिर मे बैठक की आहूत दी गई। बैठक में मुख्य वक्ता धनेश्वर वर्मा विभाग मंत्री अयोध्या ने सभी 5 प्रखंडों के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिसमें आगामी कार्यक्रमों व संगठन विस्तार पर चर्चा की गई एवं गांव–गांव समरसता भोज एवं यात्रा निकालने एवं रामोत्स्व कार्यक्रम मनाने की योजना बनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवाकर सोमानी जिलाध्यक्ष ने किया। मंच का संचालन बबलू वर्मा जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपेंद्र प्रताप जिला संगठन मंत्री व विभाग अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी व दुर्गा प्रसाद चतुर्वेदी जिला संरक्षक, राजू मौर्य जिला कोषाध्यक्ष, सरबजीत सिंह जिला सह संयोजक, विपिन शुक्ला जिला सह मंत्री, आनंद वर्मा जिला प्रसार प्रमुख, राजू गोस्वामी, आशीष मोदनवाल, विजय वर्मा, श्याम मिश्रा, रक्षाराम तिवारी, कमलकांत गोस्वामी, रोशन सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


# पिकअप की टक्कर से महिला की मौत, बेटा बाल-बाल बचा




न्यूज वाणी ब्यूरो

चाँद, कैमूर। जिले के चाँद प्रखंड अंतर्गत ग्राम भेरी में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान ग्राम भेरी निवासी बिन्दा देवी उम्र लगभग 45 वर्ष, पति हरबंश राम के रूप में की गई है। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार बिन्दा देवी अपने बेटे अजीत कुमार के साथ होमियोपैथी दवा लेने दिघी गई थीं। दवा लेकर वापस लौटने के क्रम में पाढ़ी और बहादुरा गांव के बीच तेज रतार से आ रहे एक पिकअप वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिन्दा देवी सड़क पर गिर पड़ीं, जिससे उनके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल चाँद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. इलताफ अंसारी ने उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया और सीपीआर दिया, लेकिन इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। चिकित्सक ने बताया कि महिला की मौत सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो–रोकर बुरा हाल था। परिजनों का कहना है कि परिवार का मुख्य सहारा चली जाने से उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं सूचना मिलने पर चाँद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं।

# बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए खेलकूद, आकर्षक वाले कार्य अवश्य कराएं




न्यूज वाणी ब्यूरो

खैराबाद, सीतापुर। बच्चों को विद्यालय में लाने तथा शैक्षिक कार्यों में उत्सुकता बढ़ाने के लिए विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजित करने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं कि किसी भी प्रकार हमारे नौनिहाल विद्यालयों में आकर शिक्षा ग्रहण करें और अपने उपस्थिति को बेहतर बनाएं इसी क्रम में शासन एवं प्रशासन की मंशा अनुसार खैराबाद ब्लाक के समस्त स्कूलों में जनवरी माह में बच्चों की पढ़ने वाली जन्मतिथि के अनुसार बच्चों का जन्म दिवस माह के अंतिम शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय शरफापुर में प्रधानाध्यापक डॉक्टर मुस्तफा अली ने बहुत शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया जबकि कंपोजिट विद्यालय नेवादा देवमन में प्रधानाध्यापक काजिम हुसैन, स्टाफ द्वारा बच्चों का जन्म दिवस मनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी श्रेणी में प्राथमिक विद्यालय कथा भारी कथा भारी के प्रधान अध्यापक हसन जमाल रिजवी ने भव्य कार्यक्रम का आयोजन करके केक कटवाया। बच्चों को पुरस्.त भी किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की सहायक अध्यापिका शबीना सैफी, शिक्षा मित्र मीना ,अनीता चौधरी तथा रसोइयों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया। विदित हो कि हसन जमाल रिजवी ने पूरे मनोयोग से विद्यालय को सुन्दर एवं आकर्षक बनाने हेतु कार्य किया जिसमें उनका सहयोग उनके स्टाफ और ग्राम प्रधान ने भी किया जबकि उनके कार्यों को खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मिश्र ने भी सराहा।

# बिसवां में मालगाड़ी के आगे कूदी महिला, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो /सीतापुर, बिसवां। जनपद के कोतवाली बिसवां क्षेत्र में रविवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना से सनसनी फैल गई। गांव राजा करनाई की रहने वाली एक महिला ने रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी के सामने आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मालगाड़ी की चपेट में आने से हुए चीथड़े प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजा करनाई निवासी छोटकनी (पत्नी राजेंद्र) रविवार सुबह अचानक गांव के पास स्थित रेलवे ट्रैक पर पहुंच गई। उसी दौरान महमूदाबाद की ओर से सीतापुर की तरफ जा रही एक मालगाड़ी वहां से गुजरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, महिला अचानक ट्रेन के सामने आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से चपेट में आ गई। हादसा इतना भयावह था कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस और जीआरपी ने कब्जे में लिया शव ट्रेन रुकने और शोर मचने के बाद भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली बिसवां पुलिस और जीआरपी की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों पर सस्पेंस पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला प्रथम .ष्टया आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि, महिला ने यह खौफनाक कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं। उन्होंने किसी भी तरह के घरेलू विवाद की बात से फिलहाल इनकार किया है। पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है ताकि मौत के असली कारणों का पता लगाया जा सके। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट होगी।

# दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

न्यूज वाणी ब्यूरो 2सदरपुर, सीतापुर। जनपद के सदरपुर थाना क्षेत्र के महरिया गांव में रविवार को रास्ते के विवाद ने उग्र रूप ले लिया। खेत के किनारे से निकलने वाले मार्ग को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी रविवार को हिंसक झड़प में बदल गई। इस दौरान ग्रामीणों ने बैरिकेडिंग उखाड़ दी और जमकर हंगामा किया। मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार महरिया गांव निवासी ओम प्रकाश मिश्रा और दूसरे पक्ष के गुलाम अली व हनीफ अली के बीच खेत के किनारे के रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। गांव के अंदर इस रास्ते पर पहले से बैरिकेडिंग की गई थी, जिससे ग्रामीण खासे नाराज थे। रविवार को इसी बात को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। बहस के दौरान उत्तेजित ग्रामीणों ने मौके पर लगी बैरिकेडिंग को उखाड़ फेंका। देखते ही देखते दोनों पक्षों में धक्का–मुक्की और मारपीट शुरू हो गई। इस अफरा–तफरी में एक युवक चोटिल हो गया, जिसे आनन–फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद किसी ग्रामीण ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने और घटना की सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थिति को संभाला और दोनों पक्षों को समझा–बुझाकर शांत कराया। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति है और स्थिति नियंत्रण में है।

# मैत्री क्रिकेट में पत्रकार संघ का जलवा, सुरक्षा एजेंसियों को दी शिकस्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा स्थित श्री रामजानकी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों (एसएसबी, पुलिस एवं वन विभाग) की संयुक्त टीम और रुपईडीहा पत्रकार संघ के बीच एक मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन नगर पंचायत रुपईडीहा द्वारा किया गया जिसमें 12–12 ओवरों का मैच खेला गया। मैच से पूर्व नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि डॉ. अश्विनी वैश्य द्वारा रुपईडीहा पत्रकार संघ के कप्तान एम. अरशद और सुरक्षा एजेंसियों की टीम के कप्तान वन क्षेत्राधिकारी रूपईडीहा अतुल श्रीवास्तव के बीच टॉस कराया गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रुपईडीहा पत्रकार संघ की टीम ने शुभम गुप्ता के शानदार 40 रन और सूर्यांश के 24 रनों की मदद से निर्धारित 12 ओवरों में 98 रन बनाए और विपक्षी टीम को 99 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को बेहद रोमांचक बना दिया। अंतिम ओवर में मुकाबला बेहद करीबी स्थिति में पहुंच गया, लेकिन पत्रकार संघ के कप्तान एम. अरशद की घातक गेंदबाजी के सामने सुरक्षा एजेंसियों की टीम टिक नहीं सकी और निर्धारित 12 ओवरों में 93 रन ही बना सकी। इस प्रकार रुपईडीहा पत्रकार संघ ने यह मुकाबला 5 रनों से अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभम गुप्ता को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच समाप्ति के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य द्वारा विजेता टीम के कप्तान एम. अरशद को ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं खेल भावना और आपसी सौहार्द के प्रतीक के रूप में सुरक्षा एजेंसियों की टीम को भी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा दोनों टीमों के खिलाड़ियों को मेडल, अंगवस्त्र, डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं उपस्थित अतिथियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के मैत्री मैच पत्रकारों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुल मिलाकर यह मुकाबला परिणाम से अधिक रोमांच और खेल भावना का प्रतीक बनकर समाप्त हुआ।

# चुनावी रण में एआईएमआईएम का कानूनी मोर्चा मजबूत

## – संविधान, न्याय और हक की लड़ाई के लिए मो. इरफान बने जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संघ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। आगामी चुनावों की आहट के बीच ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने जिले की राजनीति में संविधान और न्याय को केंद्र में रखकर अपना कानूनी मोर्चा सशक्त करने की दिशा में निर्णायक कदम उठाया है। पार्टी ने एडवोकेट मो. इरफान को जिलाध्यक्ष अधिवक्ता संघ नियुक्त कर यह स्पष्ट संकेत दिया है कि आने वाले चुनावों में एआईएमआईएम अधिकार, न्याय और संवैधानिक मूल्यों के मुद्दे को मजबूती से जनता के बीच ले जाएगी। जिलाध्यक्ष फिरोज बागबान द्वारा जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि मो. इरफान जैसे प्रतिबद्ध अधिवक्ता को यह जिम्मेदारी सौंपना चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा है, जिससे अधिवक्ता वर्ग, बुद्धिजीवियों और संवैधानिक सोच रखने वाले नागरिकों को एकजुट किया जा सके। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि कानून और संविधान के माध्यम से ही सत्ता की जवाबदेही तय की जा सकती है। पार्टी ने साफ किया है कि अधिवक्ता संघ आगामी चुनावों में जनता के संवैधानिक अधिकारों, न्यायिक समानता और कानून के शासन को मुख्य मुद्दा बनाकर कार्य करेगा। मो. इरफान के नेतृत्व में अन्याय, भेदभाव और सत्ता के दुरुपयोग के मामलों को विधिक मंचों पर मजबूती से उठाया जाएगा, ताकि जनसरोकार सीधे चुनावी विमर्श का हिस्सा बनें। नियुक्ति की खबर के बाद अधिवक्ता वर्ग और पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश देखने को मिला। लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता नावेद हसन द्वारा बहराइच पहुंचकर दी गई बधाई को भी कानूनी मोर्चे के राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय नेताओं का कहना है कि यह नियुक्ति केवल संगठनात्मक फेरबदल नहीं, बल्कि चुनावी मैदान में संविधान, न्याय और हक की राजनीति को धार देने की रणनीतिक शुरुआत है। आने वाले दिनों में एआईएमआईएम अधिवक्ता संघ के माध्यम से जिले में व्यापक जनसंपर्क और वैधानिक जागरूकता अभियान चलाएगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर तेजवापुर सीएचसी अधीक्षक सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। परिवार नियोजन कार्यक्रम में जनपद में उत्.ष्ट योगदान देने में शनिवार को सीएमओ सभागार में सीएमओ डा. संजय कुमार ने




तेजवापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ अभिषेक अग्निहोत्री, बीपीएम, बीसीपीएम, स्टाफ नर्स व आशा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में एसीएमओ आरबी वर्मा, डॉ राजेश, पीएफआई संस्था से रामबरन यादव व डॉ साफिया अन्य मौजूद रहे।

# ग्राम सेमरहना का डीएम ने किया भ्रमण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत राजस्व ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को ग्राम सभा सेमरहना में विस्थापित किये जाने की कार्यवाही का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने



मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद, उप जिलाधिकारी मोतीपु मिहींपुरवा (मोतीपुर) राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, अधि.अभि. लो.नि.वि. निर्माण खण्ड–1 अमर सिंह, तहसीलदार धर्मेन्द्र कुमार, अधि.अधि. नगर पंचायत जंग बहादुर, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा व अन्य अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी राम दयाल से भूमि पैमाईश के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त की। डीएम ने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए .षि आवंटन हेतु भी भूमि का चिन्हांकन कर लिया जाय।

# नगराम में जानलेवा हमले का अभियुक्त गिरफ्तार

## - हथौड़ी से सिर पर किया था हमला

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगराम, लखनऊ। नगराम पुलिस ने जानलेवा हमले के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




यह कार्रवाई एसीपी विकास पाण्डेय के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को सलेमपुर अचाका, थाना नगराम निवासी श्रीकांत मिश्रा द्वारा नगराम पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया गया था कि बीते सोमवार की देर रात उनके पुत्र गोविन्द मिश्रा पर गांव के ही युवक द्वारा जानलेवा हमला किया गया। आरोप है कि आरोपी ने हथौड़ी से सिर पर वार कर गोविन्द मिश्रा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में घायल गोविन्द मिश्रा को परिजनों द्वारा तत्काल इलाज के लिए संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस संबंध में नगराम थाने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजी.त कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस विवेचना के दौरान आरोपी की पहचान दीपक पुत्र श्रीपाल निवासी सलेमपुर अचाका, थाना नगराम लखनऊ के रूप में हुई। साक्ष्य संकलन एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर नगराम पुलिस ने आरोपी को बीते शनिवार को घटना में प्रयुक्त ईंट सहित गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरतार आरोपी का कोई पूर्व आपराधिक इतिहास नहीं पाया गया है। गिरतारी के बाद आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस गिरतारी में नगराम थाने की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें उपनिरीक्षक चन्द्र बहादुर यादव, उपनिरीक्षक रंजीत कुमार एवं कांस्टेबल आकाश कुमार शामिल रहे।

# 16 से 27 फरवरी तक जनपद में संचालित होगा एमआर अभियान

## – 05 से 10 वर्ष के बच्चों को दी जाएगी एमआर वैक्सीन की डोज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 16 फरवरी से 27 फरवरी तक नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम चरण में प्रदेश के चिन्हित जनपदों में एमआर अभियान चलाकर 05 से 10 वर्ष के सभी बच्चों को एक डोज एमआर वैक्सीन की दी जायेगी। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी सरकारी/शिक्षण संस्थान (स्कूल/मदरसे) में अध्यनरत कक्षा 01 से कक्षा 05 तक सभी बच्चो को एम.आर. वैक्सीन की डोज से आच्छादित किया जायेगा। अभियान अन्तर्गत 16 फरवरी से 04 से 06 नान आरआई दिवसों में अधिकतम 27 फरवरी तक संचालित कर चिन्हित बच्चों को आच्छादित किया जायेगा। अभियान के लिए निर्धारित समयसारिणी के अनुसार 07 फरवरी तक स्कूल का माइकोप्लान, संवेदीकरण, 10 फरवरी तक ब्लाक स्तरीय समन्वय बैठक, संवेदीकरण, 11 फरवरी तक जनपद स्तर पर माइकोप्लान उपलब्ध कराना, 12 फरवरी को राज्य स्तर पर माइकोप्लान उपलब्ध कराने के साथ–साथ मीडिया अभिमुखिकरण की गतिविधियां संचालित की जायेंगी। अभियान के सफल संचालन हेतु शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि समस्त अध्ययनरत कक्षा 01 से कक्षा 5 तक के सभी स्कूलों की सूची स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे जिससे अभियान की कार्ययोजना ससमय तैयार की जा सके। सत्र के एक दिन पूर्व स्कूलो मे शिक्षको के साथ अभिभावक, माता, पिता के साथ बैठक आयोजित कर सत्र पर अधिक से अधिक बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण टीम को टीकाकरण हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराने के साथ साथ टीकाकरण में सहयोग प्रदान करेंगे। अभियान की जनजागरूकता के लिए जनपद एवं ब्लाक स्तर पर स्कूलो में विभिन्न सांस्.तिक कार्यकमों, रैली, प्रभात फेरी इत्यादि के माध्यम एम.आर. अभियान के लिए आमजनमानस को जागरूक किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त बाल विभाग परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों को निर्देश दिया गया है कि द्वारा क्षेत्रिय भ्रमण कर सत्रों का प्रभावी पर्यवेक्षण करेंगे। जनपद, ब्लाक स्तर पर होने वाली सांयकालीन समीक्षा बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपने फीडबैक से अवगत कराये, जिससे कि कार्य की गुणवत्ता सुधार लाया जा सके। इसके अतिरिक्त समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी यह भी सुनिश्चित करेंगे उनके क्षेत्र अर्न्तगत कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा सत्र के दौरान आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाय। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को निर्देश दिया गया है कि समस्त मदरसों की सूची स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराने के साथ–साथ सत्र के एक दिन पूर्व मदरसों में शिक्षको के साथ अभिभावक, माता, पिता के साथ बैठक आयोजित कराई जाये, जिससे सत्र पर अधिक से अधिक बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। सभी मदरसे स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण टीम को टीकाकरण हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराने के साथ–साथ टीकाकरण में सहयोग भी प्रदान करेंगे। सभी मदरसों द्वारा जनजातीय अल्पसंख्यक स्कूलों में एमआर अभियान से सम्बन्धित प्रचार–प्रसार मोबिलाईजेशन में सहयोग किया जायेगा तथा सभी मदरसों जनजातीय अल्पसंख्यक स्कूलों में एमआर अभियान हेतु प्रमुख ईमामों, मुस्लिम संस्थानो एवं जनजातीय संस्थानो के अभिमुखिकरण हेतु बैठकें भी आयोजित की जाये। समस्त उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने अपने क्षेत्रो में एमआर अभियान की प्रतिदिन समीक्षा कर .त कार्यवाही एवं प्रगति रिपोर्ट से अवगत करायेंगे तथा अपनी–अपनी तहसील एवं ब्लाक में अपनी अध्यक्षता में एमआर अभियान की टास्क फोर्स बैठकों का आयोजन करेंगे। सूचना विभाग को मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी से समन्वय कर एमआर अभियान का विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिये गये हैं।

# केंद्रीय वित्तमंत्री के प्रस्तुत बजट को भाजपाइयों ने सराहा

## - बजट से समाज के हर वर्ग को विकास का मिलेगा लाभ

## - जनता की उम्मीदों को पूरा कर आर्थिक ग्रोथ को देगा बढ़ावा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–2027 के लाईव प्रसारण को भाजपा कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं एलईडी के माध्यम से देखा व सुना गया। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत नवाँ बजट है जिसमें केंद्र सरकार के लक्ष्य विकसित भारत 2047 एवं किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं नौकरीपेशा वालों के हितों को ध्यान में रखा गया है। इस बजट का उद्देश्य जनता की उम्मीदों को पूरा करना, आर्थिक ग्रोथ को बढ़ावा देना, सामान्य नागरिकों को अधिक सुबिधाएँ व अवसर देना, सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को समाज के सभी तक विकास का लाभ पहुँचाना साथ ही निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूत करना है। बजट में रोजगार पैदा करने, कृषि उत्पादकता




को बढ़ावा देना, परिवारों को खरीदने की शक्ति और लोगों को यूनिवरसल सर्विस देने के लिए सुधार किये गए है। इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि सरकार के हर काम से नागरिकों को फायदा हो। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में रोजगार और उद्यम को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने को प्रस्ताव किया गया है। यह बजट खेल, रोजगार, कौशल विकास और नौकरी के अनेक अवसर प्रदान करने वाला है। इसमें दिल्ली–वाराणसी व वाराणसी–सिलीगुड़ी में हाई स्पीड रेल कोरिडोर बनाने तथा पांच वर्षों में पांच औद्योगिक क्षेत्रों में कार्बन कैपचर के लिए 20 करोड़ का प्रस्ताव रखा गया है। आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट को भाजपा पदाधिकारियों ने विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने वाला एवं बहुउद्देशीय व बहुस्पर्शी बताया है उन्होंने कहा है कि यह बजट किसानों, गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं नौकरेपेशा के लिए हितकारी है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, प्रेनारायण द्विवेदी, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, अखिलेश नाथ दीक्षित, पंकज रायक्रवार, राजकुमार राज, विनोद जैन, पंकज रैक्रवार, अमित सेठ भोलू, सुमन तिवारी, जाग्रति वर्मा, अनीता शुक्ला, दुर्गा चौरसिया, प्रेमनारायण पटेल, धीरेन्द्र सिंह धीरू, संतोष राजपूत, लखन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# सूफी नुरुल हसन सिद्दीकी का मनाया उर्स

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। कस्बा खीरी टाउन अंतर्गत मुहल्ला बुखारीटोला में सूफी नुरुल हसन सिद्दीकी का छटा उर्स मुबारक पूर्व वर्षों की तरह इस साल भी धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन जशन चिरागा रात को आल इण्डिया नातिया मुशायरा हुआ दूसरे दिन महफिले समां और तीसरे दिल कुल हजरत ख्वाजा कतुबुद्दीन हजरत शेख सारंग हजरत मखदूम दानिश अली हजरत सुल्तान मुहम्मद आरिफ अली और सूफी नुरुल हसन का मनाया गया। आल इंडिया नातिया साहिबे सज्जादा मुहम्मद शोएब सिद्दीकी की सरपरसती मुशायरे की सदारत शकील खान सागर और निजामत इकबाल अकरम वारसी ने की मुशायरे में शिरकत करने शायर और उनके अशआर इस तरह हैं। शकील ग्यावी ने हम्द के साथ नात शरीफ के शेर आप शाहे उमम आप खतमे रसूल आप पर खत्म है हद कमालात की डॉ तन्वीर इकबाल बिस्वानी ने कहा मैंने कैसे गुम्बदे खिजरा को देखूँ निगाहों को पसीना आ रहा है। कारी मोतसिम फैजी किशनगज बिहार ने अपनी अकीदत का इजहार यूँ किया नजरे करम है तेरा जब साकी ए मदीना न तलाश मैकदे की न तलाश जाम व मीना। डाक्टर दाऊद मलिहाबादी ने मुहब्बत का इजहार करते हुए कहा है मुझे फखर मिरा नाम अली है लोगों फखरे इस्लाम है वल्लाह अली की खुशबू। इकबाल अकरम वारसी ने कुछ यूँ कहा किया करो खुदा खुदा कि



खैरियत इसी में है बनो नबी के बावफा कि खैरियत इसी में है। इनके आलवा यासीन इब्ने उमर मंजर यासीन अफजल युसूफ निहाल रजा डॉ कमाल अख्तर बदायूं सलमान रिजवी आरिफ अल्वी ने अपना कलाम पेश किया। मुशायरा सलातो सलाम के बाद मेहमान शायर अल्लामा मोतसिम फैजी की दुआ पर एखतिताम पजीर हुआ इस मौके पर हिंदुस्तान के अलग अलग शहरों आए जायरीन ने शिरकत की। मुशायरे में शिरकत करने वाले सभी शायरों को और कलमकारों को नवाज रिजवी अय्यूब गौरी नाजिम अली एडवोकेट और चाँद खान को सुल्तान सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

# घने कोहरे का कहर, निर्माणाधीन ओवरब्रिज से टकराई यात्रियों से भरी बस

न्यूज वाणी ब्यूरो /महमूदाबाद, सीतापुर। शनिवार की रात क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा होते–होते बचा। मिश्रिख से अयोध्या जा रही एक निजी बस रात करीब 10.30 बजे महमूदाबाद स्थित निर्माणाधीन ओवरब्रिज से जा टकराई। हादसे के वक्त बस में करीब 45 यात्री सवार थे, जिनमें चीख–पुकार मच गई। प्रारंभिक जांच में हादसे की मुख्य वजह घना कोहरा बताया जा रहा है। .श्यता कम होने के कारण चालक को निर्माणाधीन ढांचा समय रहते दिखाई नहीं दिया। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की बड़ी लापरवाही भी सामने आई है, क्योंकि डायवर्जन मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं थे। विधायक आशा मौर्य ने जताई नाराजगी घटना की सूचना मिलते ही महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य तुरंत मौके पर पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास रेडियम संकेत न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बिना रेडियम संकेतों के डायवर्जन देना यात्रियों की जान से खिलवाड़ है। विधायक ने तत्काल जिलाधिकारी को फोन कर स्थिति से अवगत कराया और दोषियों पर कार्रवाई के साथ सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। हादसे में बस चालक घायल हुआ है, जिसे तुरंत सीएचसी महमूदाबाद भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार चालक की स्थिति अब स्थिर है। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त बस को बीच सड़क से हटवाया। कुछ समय तक बाधित रहने के बाद अब मार्ग पर यातायात पूरी तरह सामान्य है। गनीमत रही कि बस में सवार अन्य 45 यात्री सुरक्षित हैं, जिन्हें वैकल्पिक साधनों से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

# केन्द्रीय बजट पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की तीखी प्रतिक्रिया

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। केन्द्र सरकार द्वारा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन संसद में पेश किए गए बजट पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए निराशावादी बजट माना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश एवं केन्द्र में काबिज भाजपा सरकारें अपने बजट में बुंदेलखंड की अनदेखी की जा रही है। आजादी के 78 वर्ष व्यतीत हो जाने पर भी समूचा बुंदेलखंड अति पिछड़ा है, यहां पर उद्योग धंधे, सिंचाई के साधन व अन्य सुविधाओं से वंचित है। दैविक वर्षा पर आज भी किसान निर्भर है, काम की तलाश में युवा वर्ग अन्य प्रान्तों में रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर होता है जबकि खनिज एवम् वन सम्पदा सरकारें अरबों रुपए राजस्व प्राप्त कर रही हैं। बुंदेलखंड विकास निधि में जो धन सुलभ कराया जाता है उससे सक्षम अधिकारी विकास न कर उस धनराशि का बंदरबाट करने में लगे हुए हैं और सरकार को फर्जी आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं, महंगाई चरम सीमा पर है, कुशल ग्रहणियों को किसी प्रकार की राहत इस बजट में प्रदान नहीं की गई। बजट में उन प्रान्तों को भारी भरकम धनराशि मुहैया कराई गई है जिन प्रदेशों के सहयोग से केन्द्र की सरकार चल रही है या जिन प्रदेशों में चुनाव होने हैं, ऐसे बजट की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, क्योंकि यह बजट निराशावादी है।

---

# कांग्रेसियों ने मनाई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व व .तित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया




कि संत शिरोमणि रविदास का जन्म बनारस में हुआ बचपन से ही मां गंगा के अनंत भक्त रहे गंगा किनारे बैठकर उन्होंने विश्व कल्याण की भावना के साथ समता मूलक समाज की रचना की, चित्तौड़ की रानी एवम् राणा सांगा की पुत्रवधु मीरा उनकी परम शिष्या थीं, जिनकी प्रेरणा से वैराग्य हुआ और .ष्ण रूपी ब्रह्म के साक्षात दर्शन हुए, उनके कहे यह शब्द मन चंगा तो कठौती में गंगा समाज में आज भी प्रचलित हैं। इस अवसर पर कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, एआईसीसी सदस्य प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी पवन देवी कोरी, कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह, जिला महामंत्री, मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, राजेश गुप्ता पप्पू, केपी सेन, राजबहादुर गुप्ता, अशोक वर्धन कर्ण, आरिफ निजामी, अंकित साहू, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, अशरफ उल्ला खान रम्पा, गोविन्द नारायण द्विवेदी, जगदेव प्रजापति, नत्थूराम सेन, अली बख्श प्रमुख कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# आउटसोर्स कर्मियों को हटाए जाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो



लखनऊ। राजाजीपुरम ओल्ड से एक और न्यू पाल तिराहा से दो बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को गुपचुप तरीके से गलत आरोप लगाकर कार्य से हटा दिया गया। हटाए गए कर्मचारियों के समर्थन में उनके साथी कर्मचारियों ने शाम 4 बजे से अपने बिजली घरों पर कार्य बंद कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है और विभागीय समूहों को छोड़ दिया। इस प्रदर्शन का संज्ञान किसी भी अधिकारी ने नहीं लिया। यूनियन के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि शाम चार बजे दोनों उपकेंद्र के संविदा कर्मियों ने काम करना बंद कर दिया है। साथ ही इलाके के इंजीनियस के व्हाट्सएप ग्रुप को छोड़ दिया है। देवेंद्र कुमार पांडेय का कहना है कि बहाली नहीं की गई तो आगे भी प्रदर्शन जारी रहेगा।

# खलिहान की जमीन पर बना रहे पार्क, ग्रामीणों ने उठाई आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो



नवाबगंज, बहराइच। विकास खण्ड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत राम नगर गुलहरिया में खलिहान की भूमि पर पार्क बनाए जाने को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि खलिहान की जमीन किसानों के लिए अनाज सुखाने व .षि कार्यों से जुड़ी बेहद महत्वपूर्ण संपत्ति है, लेकिन इसके बावजूद उक्त भूमि का उपयोग पार्क निर्माण के लिए किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना ग्रामसभा की खुली सहमति और स्पष्ट प्रस्ताव के खलिहान की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे किसानों को भविष्य में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कुछ लोगों ने इसे सरकारी भूमि के मूल उद्देश्य के विपरीत बताते हुए आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं दूसरी ओर, पंचायत स्तर पर यह तर्क दिया जा रहा है कि गांव के सौंदर्यीकरण और बच्चों व बुजुर्गों के लिए मनोरंजन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पार्क का निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि अब तक इस संबंध में कोई लिखित आदेश या विभागीय स्वी.ति सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से जांच की मांग की है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि खलिहान की जमीन पर पार्क निर्माण नियमों के अनुरूप है या नहीं। यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग भी तेज हो गई है।

# सपाईयों ने संत रविदास व नरहरिदास सोनार की मनाई जयंती

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संत रविदास एवं संत नरहरिदास सोनार की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ दोनों महान संतों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदीप शाक्य बबलू ने कहा कि संत रविदास 15 वीं–16 वीं शताब्दी के महान भारतीय संत, रहस्यवादी कवि, समाज सुधारक और भक्ति आंदोलन के प्रमुख स्तंभ थे। उन्होंने जाति–पांति और सामाजिक आडंबरों का विरोध करते हुए मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनका जीवन सादगी, परोपकार और ईश्वर के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि संत नरहरिदास सोनार 13वीं–14वीं शताब्दी के महाराष्ट्र के प्रसिद्ध वारकरी संत, कवि और शिव भक्त थे। साधारण जीवन जीते हुए उन्होंने अपना पूरा जीवन भक्ति और समाज में आध्यात्मिक चेतना फैलाने के लिए समर्पित कर दिया। उनके जीवन से त्याग, भक्ति और समर्पण की सीख मिलती है। कार्यक्रम में दोनों संतों के जीवन और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया तथा उपस्थित लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सर्वेश शाक्य, लाखन सिंह जाटव, उत्तम सिंह प्रजापति, विक्की गुप्ता, प्रदीप सोनी, दीपी सिंह, प्रवीण कुशवाहा, राजपाल सिंह यादव, किशन यादव जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, बृजेंद्र यादव सेक्टर प्रभारी, संतोष राजपूत, नम्रता सिंह दोहरे, अरविंद यादव, बृजेश यादव लाल, दीपू यादव, नरेंद्र प्रजापति, अखिलेश वर्मा, हुकुम सिंह यादव, अंकुर यादव, राणा प्रताप सिंह, जीतू जसवंत नगर, आशीष टिंकू, पूरन सिंह यादव, मोहम्मद अख्तर कपिल, अभिषेक यादव सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संतों के विचारों को जन–जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता के संदेश को मजबूत करना रहा।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की मनाई जंयती

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। संत शिरोमणि गुरु रविदास की जंयती आज पक्का तालाब चौराहे के पास स्थित संत रविदास धर्मशाला में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। संत रविदास धर्मशाला सिमित के अध्यक्ष प्रेम नारायण दोहरे एड की अध्यक्षता में आयोजित विचार गोष्ठी में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महान संत व्यक्तिय पर प्रकाश डाला और आरती की। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि नयी पीढ़ी को अपने महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिला विकलांग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि गुरु रविदास ने हमें कर्म की महानता का संदेश दिया था, कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण भी किया गया। प्रमुख रूप से एके सिंह योगेश सिंह, शिवम गौतम, विवेक जाटव, सुशांत गौतम, आकाश गौतम, गोलू, इशू गौतम सहित दर्जनों श्रद्धालुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# आदर्श स्कूल इकदिल में पूर्व छात्राओं को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कायस्थान इकदिल में पूर्व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दो पूर्व छात्राओं कु. शिखा भारती व आँचल गुप्ता को प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट, उप प्रधानाचार्य ऋचा तिवारी ने पट्टिका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि



आदर्श स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद उक्त दोनों छात्राएं स्नातक के बाद बीएड प्रशिक्षण प्राप्त करके शिक्षण कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र–छात्राओं के साथ–साथ समय–समय पर विद्यालय के पूर्व शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, सुशीला देवी, अंजली शाक्य, प्रियांशी, अलफिशा, प्रियंका भदौरिया, दीप्ति, आँचल गुप्ता, प्रियंका यादव, छाया राजपूत, शिखा भारती, नीतू, सुहानी राठौर, सृष्टि तिवारी, आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# केंद्रीय बजट का जिले में हुआ लाइव प्रस्तुतीकरण

## - भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में देखा बजट प्रसारण
## - आर्थिक विकास, आत्मनिर्भरता व आधारभूत ढाचे को मिली बड़ी प्राथमिकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए 9वें पूर्णकालिक केंद्रीय बजट के अवसर पर शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जनपद के प्रत्येक मंडल में बजट के लाइव कवरेज का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसी क्रम में भाजपा जनपद कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में बजट का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, सदर विधायक सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से बजट प्रस्तुतीकरण देखा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बताया कि बजट में आर्थिक विकास, आत्मनिर्भर भारत, और समावेशी प्रगति पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सबसे अधिक बजट परिवहन मंत्रालय को 5,98,520 करोड़ रुपये दिया गया है, जबकि दूसरे स्थान पर रक्षा मंत्रालय को 5,94,585 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीण विकास के



लिए 2,73,108 करोड़ रुपये, गृह मंत्रालय के लिए 2,55,234 करोड़ रुपये, .षि मंत्रालय के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये, शिक्षा मंत्रालय के लिए 1,39,289 करोड़ रुपये, ऊर्जा क्षेत्र के लिए 1,09,029 करोड़ रुपये, स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए 1,04,599 करोड़ रुपये, शहरी विकास के लिए 85,522 करोड़ रुपये, तथा आईटी और टेलीकॉम मंत्रालय के लिए 74,560 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भारत के 140 करोड़ नागरिक केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने से संतुष्ट नहीं हैं, बल्कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस बजट में 4000 ई–बसें चलाने, 7 हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने, कैंसर की दवाओं के दाम कम करने, तथा प्रत्येक जिले में गर्ल्स हॉस्टल स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अंशुल दुबे, कार्यक्रम संयोजक एवं जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, शिक्षक नेता बबुआ ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सतेंद्र राजपूत, गणेश शंकर पोरवाल, आलोक गुप्ता, सागर दुबे, सीपू चौधरी, गजेंद्र मिश्रा, विनीत पांडेय, आयुष राज, मंडल अध्यक्ष चंदन मिश्रा, प्रमोद राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुग्रह सेंगर, प्रमिला पालीवाल, नीतू नारायण मिश्रा, सोनिया चक, गुड्डी वाजपेयी, समीर सक्सेना, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य, आईटी जिला संयोजक शरद तिवारी सहित अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, युवा साथी, महिलाएं, किसान बंधु, श्रमिक बंधु, प्रबुद्धजन, एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस तक बजट की प्रमुख घोषणाओं और विकास योजनाओं की जानकारी पहुंचाना रहा।

# भरेह में सुरक्षा, स्वास्थ्य व साइबर जागरूकता अभियान आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद के थाना भरेह पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना भरेह क्षेत्रान्तर्गत व्यापक जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान, टीम ने क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए। उन्हें हेल्पलाइन नंबरों, साइबर क्राइम से बचाव, महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि आपात स्थिति में वे तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। उन्हें घरेलू हिंसा, साइबर ठगी, उत्पीड़न, स्वास्थ्य सेवाओं, तथा अन्य आपातकालीन सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया गया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी इस प्रकार है पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा/एंबुलेंस 102, 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906, उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 टीम द्वारा महिलाओं को यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि वे योजनाओं का लाभ लेकर अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बना सकें।



जिन प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई उनमें शामिल हैं विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), आयुष्मान भारत/पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा योजना। अभियान के अंत में, महिलाओं, अभिभावकों, एवं छात्र–छात्राओं को सलाह दी गई कि वे इन योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों तक अवश्य साझा करें। छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, तथा सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सजग, और सुरक्षित बनाना रहा।

# मिशन शक्तिके तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद के



थाना लवेदी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम नंदगवा में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने गांव में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए। उन्हें हेल्पलाइन नंबरों, साइबर क्राइम से बचाव, महिला सुरक्षा, और स्वास्थ्य जागरूकता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी। अभियान के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। टीम ने घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, तथा स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सहायता प्राप्त करने के तरीकों की भी जानकारी दी। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी इस प्रकार दी गई पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा/एंबुलेंस 102, 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, एलपीजी गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906, उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915 टीम ने उपस्थित महिलाओं को संदेश दिया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। इसके अतिरिक्त महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई ताकि वे अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए इनका लाभ उठा सकें। जिन प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई उनमें शामिल हैं विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), आयुष्मान भारत/पीएमजेएवाई स्वास्थ्य बीमा योजना। अभियान के अंत में महिलाओं, अभिभावकों एवं छात्र–छात्राओं को सलाह दी गई कि वे इन हेल्पलाइन नंबरों और योजनाओं की जानकारी अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों तक अवश्य पहुंचाएं। छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक, और सुरक्षित बनाना रहा।

# युवा, किसान, महिला व बुजुर्ग हितों को समर्पित बजट : डॉ. हरीशंकर

## – आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम है केंद्रीय बजट
## – शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, ऊर्जा, खेल व एमएसएमई को मिला बढ़ावा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अपना दल (एस) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरीशंकर पटेल ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन, ऊर्जा, खेल, तथा एमएसएमई जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया गया है। डॉ. पटेल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देना, रोजगार के नए अवसर सृजित करना, तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच विकास की खाई को कम करना है। बजट में युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार योजनाओं पर जोर दिया गया है, जिससे आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति मिलेगी। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए .षि क्षेत्र के आधुनिकीकरण, सिंचाई, तथा .षि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वरोजगार योजनाओं को मजबूती दी गई है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। वहीं बुजुर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, पेंशन योजनाओं को और प्रभावी बनाने का प्रयास इस बजट में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। डॉ. हरीशंकर पटेल ने आगे कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विस्तार, नए अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के प्रयास सराहनीय हैं। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने से स्थानीय रोजगार सृजन होगा और देश की सांस्.तिक पहचान को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। ऊर्जा क्षेत्र में निवेश से देश को सतत विकास की दिशा में मजबूती मिलेगी, जबकि खेल सुविधाओं के विकास से युवाओं को नई संभावनाएं प्राप्त



होंगी। एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए वित्तीय सहायता, तकनीकी उन्नयन, और बाजार तक पहुंच बढ़ाने के कदम छोटे और मध्यम उद्यमों को नई गति प्रदान करेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# जीएसटी सरलीकरण लेबर कानून में सुधार सहित व्यापारियों को राहत मिलेगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग



व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने केंद्र सरकार के बजट की सराहना की है जिसमें जीएसटी सरलीकरण लेबर कानून में सुधार किए जाने को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने व्यापारी हित में बताया है जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला ने कहा कि बजट में व्यापारियों के लिए सिर्फ दिखावा ही है कोई ठोस आधार व्यवस्था नहीं दी गई युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों के लिए जूता सहित तमाम घरेलू उपयोग की वस्तुओं की कीमत कम किए जाने की घोषणा की है जो स्वागत योग्य है। युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा कि स्क्रैप का कारोबार करने वाले व्यापारी इससे लाभान्वित होंगे उपरोक्त उद्गार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के युवा जिला अध्यक्ष के आवास पर बजट प्रसारण के दौरान व्यापारी नेताओं ने व्यक्त किया इस अवसर पर युवा जिला उपाध्यक्ष अंकुर शाक्य युवा शहर उपाध्यक्ष अमित दत्त तिवारी कोषाध्यक्ष गोपाल .ष्ण भदोरिया सहित तमाम व्यापारी नेता उपस्थित रहे।

# मानिकपुर मोड़ पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई

## – कुल 90 हजार रुपये का किया गया चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सु.ढ़ बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने हमराह कांस्टेबल दुर्गेश कुमार एवं कांस्टेबल मनोज कुमार के साथ मानिकपुर मोड़ पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। नियमों का उल्लंघन करते पाए गए कई वाहनों के चालान काटे गए। यातायात पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई में कुल मिलाकर 90 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अवैध पार्किंग से जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे आम जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें, यातायात नियमों का पालन करें, और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग करें। पुलिस द्वारा आगे भी इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जाते रहेंगे।

# जन उद्योग व्यापार मंडल ने जिलाध्यक्ष पद पर किया मनोनयन

न्यूज वाणी ब्यूरो

कानपुर। जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश संगठन ने संगठन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सर्वेश कुमार शर्मा को कानपुर नगर जिला इकाई का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। यह मनोनयन संगठन में उनके द्वारा किए जा रहे निष्ठावान, लगनशील एवं विश्वासपूर्ण कार्यों को देखते हुए किया गया है। संगठन की ओर से जारी मनोनयन पत्र में अपेक्षा जताई गई है कि नवमनोनित जिलाध्यक्ष एक माह के भीतर 21 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन करेंगे तथा एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश पदाधिकारियों के माध्यम से कमेटी की विधिवत घोषणा कराएंगे। इसके साथ ही जनपद के सभी नगरों व कस्बों में अध्यक्ष एवं उनकी समितियों का गठन कर व्यापारियों को संगठन से जोड़ने हेतु सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिलाध्यक्ष द्वारा किए गए कार्यों की तीन माह पश्चात समीक्षा की जाएगी। साथ ही व्यापारी हित, जनहित, राष्ट्र की सुरक्षा, बेरोजगारी, समाज के कमजोर वर्गों एवं महिलाओं के उत्थान से जुड़े मुद्दों पर संगठनात्मक कार्यक्रमों व आंदोलनों को सफलतापूर्वक संचालित करने की अपेक्षा की गई है। जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ने विश्वास जताया है कि सर्वेश कुमार शर्मा संगठन के सिद्धांतों एवं प्रदेश कमेटी के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए कानपुर नगर जनपद में संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



# गुरुवल विद्यालय की बाउंड्रीवॉल निर्माण में बड़ा घोटाला उजागर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विजयीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत गुरुवल में उच्च प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्रीवॉल निर्माण को लेकर गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर निर्माण में तीन नंबर की काली–पीली ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि रिकॉर्ड में एक नंबर ईंटों का बिल दिखाकर भुगतान किया गया है। कमजोर ईंटें हल्का दबाव झेलते ही टूट जा रही हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने के साथ बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करूणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# हिंदुओं को एक सूत्र में बांधने की खाई कसम

## - हिंदू सम्मेलन में उमड़े लोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के गढ़ी मुहल्लें में 1857 के क्रांतकारी महानायक अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह स्मारक परिसर में




रविवार को संघ शताब्दी वर्ष समारोह में विराट हिन्दू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथ ने अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रीराम व मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया। वहीं बच्चों द्वारा सांस्.तिक कार्यक्रम के माध्यम से हिन्दुओं को जागृत किया। कार्यक्रम में महंत ज्ञानेंद्र बाबा गायत्री परिवार, .ष्ण स्वरूप सिंह सह संघ प्रचारक प्रमुख, बस्ती प्रमुख दिलीप सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर से हिंदू को एक सूत्र में बांधने के लिए कसम खाई। महंत ने अपने ओजस्वी विचारों से जोश भरा। इस मौके पर अशोक सिंह, जगतपाल, नंदलाल सहित मौजूद रहे।

# माघ पूर्णिमा स्नान पर्व पर गंगा घाटों का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के अवसर पर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए। इसी क्रम में रविवार को थाना सुल्तानपुर घोष एवं थाना हुसैनगंज के प्रभारी निरीक्षकों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले गंगा घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं का स्नान पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं सकुशल चलता पाया गया। प्रभारी निरीक्षकों ने मौके पर तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का गहन परीक्षण करते हुए सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ नियंत्रण व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे माघ पूर्णिमा स्नान पर्व बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके। जनपद पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुए है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

# कृषकों को ग्यारह लाख का ऋण देगी प्रदेश सरकार : कुलवंत

## – कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य ने कृषि विकास से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो



खागा, फतेहपुर। नगर के डॉक बंगले में रविवार को .षक समृद्धि आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कुलवंत सिंह ने क्षेत्रीय दौरे के दौरान पत्रकारों से संवाद करते हुए .षि विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। खरीद प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। आयोग के सदस्य ने बताया कि गोशालाओं के निर्माण एवं संचालन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। साथ ही पीएम उर्वरक केंद्रों के माध्यम से किसानों को उचित दर पर खाद उपलब्ध कराई जाएगी। सहकारी बैंकों के जरिए किसानों को मात्र तीन प्रतिशत ब्याज दर पर ग्यारह लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे खेती से जुड़े कार्यों को आसानी से आगे बढ़ा सकें। राज्यमंत्री ने किसानों से इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। कहा कि सरकार उनकी हरसंभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर देवेंद्र मिश्र, सहायक विकास अधिकारी .षि भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को विभिन्न .षि योजनाओं, उन्नत बीज, खाद और आधुनिक खेती तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने सरकार की इन पहल की सराहना की।

# किसान पार्टी के प्रदेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## - डाक बंगला चौराहे पर कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। किसान पार्टी उत्तर प्रदेष के प्रदेष कार्यालय का उद्घाटन समारोह रविवार को संपन्न हुआ। जिले से बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही और कार्यक्रम उत्साह एवं जोश से परिपूर्ण रहा। उद्घाटन समारोह का प्रमुख उद्देश्य समस्त किसानों को एक मंच पर संगठित करना, उनकी खाद, बीज, विद्युत, सिंचाई, किसानी ऋण एवं दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम में पीके उमराव ने संगठन को मजबूत करने, किसानों को एकजुट करने एवं उनकी समस्याओं का समयानुसार समाधान कराने पर जोर देते हुए सभी किसानों को संबोधित किया। इसके पश्चात प्रदेश अध्यक्ष रंजीत सिंह पटेल एवं जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार भोला सिंह का भव्य स्वागत किया। सभी पदाधिकारियों एवं किसानों ने पार्टी कार्यालय के समीप स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। संगठन को गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राम दरोगा, रमेश पटेल, महेंद्र पटेल, सुरेश पटेल, राम सिंह, मोहम्मद सईद प्रधान, डॉ. दिनेश पटेल, वीरेंद्र पटेल, सुग्गु महाराज अस्ता, सुनील पटेल, अरुण तिवारी, डॉ. आरबी पाल, माघी सिंह खागा, दलजीत सिंह, पंकज सिंह अस्ता, डॉ. राजेंद्र कुमार, मन्ना सिंह, अजय पटेल, रितेश दुबे, अवनीश सिंह पटेल, राजवीर सिंह, सोनेलाल, बिंद्रेश पटेल, तैहात अली एडवोकेट, रामप्रसाद उत्तम, सोनू पटेल, अशोक पटेल, श्यामफूल लोधी, बुद्धिमान सिंह, नर्सिंग, नितिन, अवधेश, मन्ना निषाद आदि मौजूद रहे।

# संत शिरोमणि रविदास की धूमधाम से मनाई जयंती

## - कई स्थानों पर हुए कार्यक्रम, वक्ताओं ने डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कई स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुश्प अर्पित किए तत्पष्चात गोश्ठी में उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाष डाला। सन्त षिरोमणि रविदास जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में षहर के अरबपुर मुहल्ले में संत शिरोमणि जयंती मनाइ गई। कार्यक्रम में सोहनलाल गौतम ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज को दिशा देने का काम किया। पाखंड, अंधविष्वास पर कड़ा प्रहार किया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज में प्रचलित है। कार्यक्रम में मोहम्मद आसिफ एडवोकेट ने कहा कि संत रविदास जी ने पूरे विष्व को एक सूत्र में







बांधने काम किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा तो कटौती में गंगा। विनोद गौतम ने कहा कि हम लोगों को संतो महापुरुषों को बताए हुए रास्ते पर चलना होगा। पूर्व सभासद धीरज कुमार ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी का उद्देश्य समाज में पहले छुआछूत पाखंड अंधविष्वास हटाना था जिसके लिए उन्होंने अपनी जान को निछावर कर दिया। इस मौके पर श्रवण सागर, अमर सिंह गौतम, पप्पू, विनोद गौतम, संजय, सुनीता गौतम, दामिनी गौतम, गाजी अब्दुल रहमान गनी, दामिनी गौतम, सोनू गौतम, राजू, नीरज कुमार, वीरेंद्र तिलक, मुकेश गौर रहे। इसी तरह षहर के चित्रांश नगर स्थित सीपीएस गेट के पास भानु प्रकाश गौतम के नेतृत्व में मानवता, समता, शांति व सद्भावना का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास जी की 649 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। वक्ताओं ने रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर मिशन के जिला संयोजक रमेश बौद्ध, जिला सचिव अतुल कुमार, मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बौद्ध प्रिय गौतम, कुलदीप गौतम, सुमन गौतम, कुसमा देवी, बदलू, राम. ष्ण एडवोकेट, नितेश कुमार, सिद्धार्थ गौतम, संगीता बौद्ध आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। वहीं सामाजिक चेतना मंच की जिला इकाई के तत्वाधान में भी संत षिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। प्रांत संयोजक आरपी मौर्य के निर्देषन में ग्राम मलाका में कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष ध ीरेन्द्र बहादुर पासवान एडवोकेट ने गांव के सम्मानित व वरिश्ठ रामविषाल पासवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम कराया। वक्ताओं ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत कर संत रविदास के बताए गए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। समापन राम विषाल पासवान ने किया। इस मौके पर प्रेमचन्द्र पासवान, कुबेर सिंह पासवान, अरूण कुमार, ओम प्रकाष पाल, अतुल कुमार गौतम, सुनील कुमार गौतम, राकेष कुमार गौतम, अनिल कुमार गौतम, संजय कुमार गौतम भी मौजूद रहे।

# फजलुर रहमान स्कूल में लगा बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी

## - रोबोट, सैटेलाइट, चंद्रयान, मिसाइल रहे आकर्षण का केन्द्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बाल मेला में बच्चों ने कई प्रकार के फूड–स्टॉल लगाए। अभिभावकों एवं मेहमानों ने व्यंजनों का लुत्फ उठाया एवं सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी में घरान एवं छात्राओं ने साइंस मॉडल तैयार किए जिसमें रोबोट, सैटेलाइट, चंद्रयान, मिसाइल, जल–चक्र, जल शोधन संयंत्र, सौर ऊजी, सौर मंडल आदि आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके बाद कक्षा 8 के छान–छानामों के विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, मो० आसिफ एडवोकेट,




सभासद एनुल आब्दीन हुमायूं, सभासद मो० आरिफ गुड्डा, सभासद शादाब, पूर्व सभासद कासिम अली एडवोकेट, पूर्व छात्र नेता एहसान खान, मो. शाहिद, रामजी श्रीवास्तव, राधेश्याम हयारण, शिवप्रसाद, आलोक गुप्ता, चांद, शमीम, शोएब, शमीम, डा० मसूद आलम, डा० दुगी आदि उपस्थित रहे। छात्र एवं छात्राओं में अब्दुल समद, मो० बासिल, फैज, अयान, अलीशा, उम्मे शाद, माहिबा, सुमेरा, इकरा युसुफ, खदीजा, शाद आदि को विदाई दी गई। अतिथियों का स्वागत प्रबंधक मो० नसीम खान, प्रिंसिपल सैयद निदा खान, नोडल अधिकारी सै0 काशिफ, अध्यापक अदनान सिद्दीकी, निधि गोयल, आकांक्षा, सीमा खान, सुषमा, सदफ सिद्दीकी ने किया।

# केन्द्रीय बजट सर्वहितकारी व सभी को लाभान्वित करने वाला : अन्नू

## - भाजपाईयों ने पटेलनगर चौराहा सेल्फी प्वाइंट पर एलसीडी में देखा सीधा प्रसारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा में केन्द्रीय बजट 2026–27 के प्रस्तुतिकरण पर पटेलनगर चौराहे पर केन्द्रीय बजट प्रस्तुतिकरण का सीधा प्रसारण एलसीडी लगाकर किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, खागा विधायक .ष्णा पासवान, अयाहशाह विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल, पूर्व विधायक विक्रम सिंह मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि आज का केन्द्रीय बजट जन–जन के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार हुआ है। इस बजट में .षि क्षेत्र को ऊंचाई देने के लिए लघु एवं सीमांत किसानों के उत्पादन बढ़ाने को लेकर योजना बनाई गई है। मत्स्य पालन को संवर्धित करने के लिए समितियों खास तौर पर महिला सदस्यों को इस क्षेत्र में बढ़ाने को बजट में मसौदा तैयार किया गया है। विधायक .ष्णा पासवान द्वारा आज के बजट में बुजुर्गों के स्वास्थ्य को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए देश भर में एक लाख पचास हजार केयर टेकर की स्थापना होगी। शुगर व कैंसर सहित सात गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती की गई हैं। यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत ही जन–उपयोगी बजट में सुधार हुआ है। अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि जिले के लिए सबसे बड़ा उपहार वह मिला है जिसमें देश में जो 7 हाईस्पीड रेल कारिडोर प्रस्तावित हैं उनमें से एक दिल्ली वाराणसी रेल हाई–स्पीड कॉरिडोर सेवा हमारे जिले के पास से ही होकर जायेगी जिसका लाभ हमारे जिले को भी मिलना तंय है। सरकार द्वारा छोटे शहरों में बड़े तीर्थस्थानों के लिए भी सांस्.तिक विरासत को संरक्षित करने के लिए बड़ा बजट दिया गया है। जहानाबाद विधायक राजेंद्र पटेल ने बताया



कि किसानों के प्रति दिन की आमदनी देने वाले पशुओं की चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने को लेकर अब बड़ी मात्रा में चिकित्सक तैयार हों इसको लेकर इस बजट में विशेष ध्यान दिया गया है। एक अप्रैल से आयकर दाताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए नये फार्म तैयार किया गया है, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने कहा कि आज का केन्द्रीय बजट जन उपयोगी है। इस मौके पर मनोज शुक्ला, दिनेश बाजपेई, सुशीला मौर्या, प्रदीप गर्ग, पंकज त्रिवेदी, नीरज सिंह, पुष्पराज पटेल, उदय लोधी, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, कुलदीप भदौरिया, पुष्पा पासवान, प्रवीण सिंह, ज्योति प्रवीण, पंकज त्रिपाठी, राम प्रकाश गुप्ता, ओम मिश्रा, वन्दना द्विवेदी, जयप्रकाश फौजी, दिनेश तिवारी, अक्षय लोधी, डॉ शिवप्रसाद त्रिपाठी, बच्चा तिवारी, पूनम श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

# फांसी लगा युवती ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र काशीदासपुर टिकरी में शनिवार की दोपहर बाद 22 वर्षीय युवती ने घर के अन्दर संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार काशीदासपपुर टिकरी निवासी धनराज की पुत्री कनकलता ने शनिवार दोपहर बाद उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब घर के लोग अपने–अपने काम व्यस्त थे तभी किसी नजर फांसी पर लटक रही युवती पड़ी तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस आए मृतका के भाई कमलेश ने बहन द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण नहीं बताया।

# धर्मकांति सेवा ट्रस्ट का मनाया स्थापना दिवस

## - यूथ व चाइल्ड विंग की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऊर्जा व उत्साह से भरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। धर्मकान्ति सेवा ट्रस्ट के शाखा कार्यालय बकंधा में




ट्रस्ट का स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से किया गया। जिसमें ट्रस्ट की पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिंदकी विधायक जय कुमार सिंह जैकी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव नयन गिरि, समाजसेवी अशोक तपस्वी, आदित्य तिवारी, सुनील राज, अभय सिंह यादव एवं सुमेश मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन में ट्रस्ट के ब्लॉक विंग कमांडर उदयभानु, जिला विंग कमांडर अनुज एवं स्टेट विंग कमांडर हार्डी मौर्या सहित सभी कमांडरों की भूमिका सराहनीय रही। कमांडरों ने व्यवस्थाओं को बखूबी संभालते हुए कार्यक्रम को अनुशासन और सुचारु संचालन का उदाहरण बनाया। ट्रस्ट के संस्थापक कंचन धर्मकान्ति, मुख्य ट्रस्टी संदीप कुमार धर्मकान्ति व पदाधिकारी कुलदीप शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे। ट्रस्ट के सक्रिय सदस्य फैज़ान, उमेश, यासीन, सनी, सुमित, अंश, सत्यम, अल्ताफ, संदीप, अमन, रेखा एवं धीर की सक्रिय सहभागिता रही। इसके साथ ही ट्रस्ट की पूरी यूथ विंग एवं चाइल्ड विंग की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया। अतिथियों ने धर्मकान्ति सेवा ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की सराहना करते हुए संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में ट्रस्ट की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सपाईयों ने संत रविदास व नरहरी दास की मनाई जयंती

## – दोनों महापुरूषों के जीवन पर डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय में शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर महान संत रविदास जी एवं संत नरहरी दास जी की जयंती मनाई गई। गोश्ठी में वक्ताओं ने दोनों महापुरूशों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन दर्षन पर प्रकाष डाला। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की अगुवई में किया गया।




कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सपाईयों ने हिस्सा लिया। उपस्थित सपाईयों ने संत रविदास जी व संत नरहरी दास जी के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात दोनों महा पुरुषों के जीवन पर उनके द्वारा समाज के सुधार, उद्धार में किए गए कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह व संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। इस मौके पूर्व जिलाध्यक्ष वली उल्ला, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विपिन यादव, राम किशोर प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, रत्नेश रत्ना, वीरेंद्र साहू, आशीष नामदेव, राज बाबू यादव, अनिल यादव, सिद्धार्थ गौतम, आनन्द गौतम, रिशु तिवारी, रवि गुप्ता, लवकुश, चंद्रमणि भास्कर, अंकित पायलट, कुलदीप कुमार, कमलेश कुमार, राम राज आदि लोग मौजूद रहे।

# शक्ति सेवा भवन में हुई दिव्य महाआरती

## - चार व पांच अप्रैल को होगा विराट अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नषे व मांस से मुक्त चरित्रवान समाज के निर्माण हेतु निरंतर कटिबद्ध भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति



षक्तितीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में हर माह की भांति इस माह भी प्रथम रविवार को गुरूवर की पावन जन्मस्थली षक्ति सेवा भवन में दिव्य महाआरती आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरूवर श्री व माता भगवती के दिव्य जयकारों से किया गया। नित्य साधना क्रमानुसार साधना सम्पन्न कराई गई। समापन बेला पर बोलते हुए षाखा के जिलाध्यक्ष राजेष त्रिपाठी ने कहा कि गुरूवर की विषेश कृपा, आषीर्वाद स्वरूप आगामी चार व पांच अप्रैल को विराट अखण्ड श्री दुर्गा चालीसा पाठ भद्रवास षक्ति सेवा भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी जाति, धर्म, सम्प्रदाय के लोग आमंत्रित हैं। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। टीम प्रमुख षिवषंकर उत्तम ने कहा कि गुरूवर के निर्देषों पर चलकर मां की साधना सम्पन्न कर तन–मन–धन समर्पित कर मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है। संचालन षिवम त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर अवधेष गुप्ता, अवध ेष चौहान, अजय कुषवाहा, मेवालाल, अवधेष त्रिपाठी, राजकुमारी तिवारी, षषी गुप्ता, प्रभा श्रीवास्तव सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

# साक्ष्यों के अभाव में हत्यारोपी की जमानत मंजूर

## – वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता शोएब खान ने की पैरवी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीष ने साक्ष्यों के अभाव में हत्यारोपी के जमानत प्रार्थना पत्र को मंजूर कर लिया। हत्यारोपी की ओर से वरिश्ठ अधिवक्ता





जावेद खान व साथी अधिवक्ता षोएब खान ने जोरदार पैरवी कर तर्क रखे। बताते चलें कि 26 नवंबर 2025 को हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम इदरीशपुर नाथूपुर निवासी नरेंद्र कुमार को गांव के ही रहने वाले कमलेश पुत्र स्वर्गीय मतई लोधी ने लाठी से मारा पीटा था। इसके बाद उपचार के दौरान 27 नवंबर 2025 की रात नरेंद्र की मृत्यु हो गई थी। 28 नवंबर को मृतक की मां शकुंतला देवी ने कमलेश के विरुद्ध हथगांव थाने में मुकदमा अपराध संख्या 209/2025 अंतर्गत धारा 105 बीएनएस प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें पुलिस ने कमलेश को गिरतार कर जेल भेज दिया था। अभियुक्त कमलेश कुमार की ओर से जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता शोएब खान ने अभियुक्त कमलेश के पक्ष में जोरदार तर्क प्रस्तुत किये। कथित घटना की चिकित्सीय साक्ष्य से पुष्टि न होने की दलील दी। अभियुक्त के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता जावेद खान व साथी अधिवक्ता शोएब खान के तर्कों को सुनने व विचार में लेने के उपरांत जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार–5 ने अभियुक्त कमलेश की जमानत मंजूर किए जाने का आदेश पारित किया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )